दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

सरकार पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

इस दस्तावेज में एमवीए ने रोजना की जरूरी वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोत्तरी का जिक्र भी किया है। कांग्रेस महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि शिंदे सरकार ने छत्रपति शिवाजी महाराज को भी नहीं छोड़ा और उनकी प्रतिमा लगाने में भी भ्रष्टाचार किया। उन्होंने राज्य में महिलाओं के खिलाफ बढ़ रहे अपराधों को सत्तारूढ़ गठबंधन का सबसे गंभीर पाप करार दिया।

महायुति को बताया भ्रष्टयुति

नाना पटोले ने तंज कसते हुए महायुति को भ्रष्टयुति करार दिया और कहा कि सरकार ने महाराष्ट्र के उद्योगों को गुजरात भेज दिया। उन्होंने बार-बार भर्ती परीक्षाओं का प्रश्नपत्र लीक होने और युवाओं से नौकरियों को छीनने व उनका जीवन बर्बाद करने के लिए सत्तारूढ़ गठबंधन को आगामी विधानसभा चुनाव में सबक सीखाने की बात भी कही। एमवीए ने कहा कि सत्ता में आने के बाद वे युवाओं को नौकरी देने पर फोकस करेंगे।

MVA ने जारी किया 'गद्दारों का पंचनामा'

एक-एक कर गिनाए महायुति के 'पाप'

राजा आदाटे । मुंबई

महाराष्ट्र के विपक्षी गठबंधन महा विकास आघाडी (एमवीए) ने राज्य की एकनाथ शिंदे सरकार पर निशाना साधते हुए 'गद्दारों का पंचनामा' नाम से दस्तावेज जारी किया है। इस दस्तावेज में एमवीए ने शिंदे सरकार पर आरोप लगाया है कि उसने महाराष्ट्र और यहां के लोगों से विश्वासघात किया है और पड़ोसी राज्य गुजरात के हित में काम किया है। एमवीए ने सरकार पर राज्य के युवाओं का भविष्य बर्बाद करने का आरोप भी लगाया और महायुति को भ्रष्टयुति करार दिया। विपक्षी गठबंधन महा विकास आघाडी में उद्धव ठाकरे की नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी), शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (SP) और कांग्रेस पार्टी शामिल है। एमवीए अक्सर सत्तारूढ़ गठबंधन महायुति पर इस तरह के आरोप लगाती रहती है। एमवीए के मुताबिक शिंदे सरकार ने गुजरात के पाले में जा रही बड़ी योजनाओं को रोकने के लिए कभी जरूरी कदम नहीं उठाए।

महाराष्ट्र के साथ किया विश्वासघात

रविवार को एमवीए द्वारा आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उद्धव ठाकरे ने शिवसेना और NCP में हुए विभाजन का हवाला देते हुए कहा, 'केवल मैं और शरद पवार ही नहीं हैं जिनके साथ गद्दारों ने विश्वासघात किया है बल्कि स्वयं महाराष्ट्र को विश्वासघात का सामना करना पड़ा है। यह महायुति का सबसे बड़ा पाप है।'

गद्दारों का पंचनामा में भ्रष्टाचारों की लिस्ट

महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ गठबंधन महायुति में भाजपा, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और उप मुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP)शामिल हैं। एमवीए नेताओं ने बताया कि 'गद्दारों का पंचनामा' में राज्य सरकार के विधायकों और पार्षदों की खरीद, सरकारी अधिकारियों के ट्रांसफर, सरकारी नौकरियों में भर्ती के लिए रेट कार्ड और इसके साथ-साथ धारावी पुनर्विकास परियोजना, तथा मुंबई में सड़क के डामरीकरण और टेंडर्स में घोटालों की लिस्ट हैं।

सुपुर्द-ए-खाक हुए बाबा सिद्दीकी

उमड़ी समर्थकों की भारी भीड़, कब्रिस्तान में सिर्फ परिवार वालों की एंट्री

दोपहर संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र के दिग्गज नेता बाबा सिद्दीकी को आज सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। शनिवार रात मुंबई में उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, जिसके बाद रविवार को उनके पार्थिव शरीर को राजकीय सम्मान के साथ सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। इस मौके पर उनके समर्थकों की जबरदस्त भीड़ उमड़ी। नेता से लेकर बॉलीवुड के स्टार तक मौजूद दिखे। बाबा सिद्दीकी के पार्थिव शरीर को उनके बांद्रा स्थित आवास से कब्रिस्तान ले जाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में उनके समर्थकों की भीड़ मौजूद रही। कब्रिस्तान में मुस्लिम रिवाजों के अनुसार, पहले जनाजे की नमाज पढ़ी गई और उसके बाद पार्थिव शरीर को सुपुर्द-ए-खाक किया गया। बाबा सिद्दीकी के जनाजे के समय सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। मुंबई लाइन में बड़ा कब्रिस्तान में इनको दफनाया गया है। इसके पहले उनको राजकीय सम्मान दिया गया। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कब्रिस्तान में सिर्फ परिवार के लोगों को ही जाने की इजाजत थी। पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थे।

न्यूज़ ब्रीफ

खड़गे के बेटे ने कर्नाटक सरकार को जमीन लौटाई

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बेटे राहुल एम खड़गे ने कर्नाटक सरकार को पांच एकड़ जमीन लौटाने का फैसला किया है, जो खड़गे परिवार के सिद्धार्थ विहार ट्रस्ट को दी गई थी। राहुल ने यह कदम मैसुरु अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी (MUDA) स्कैम की जांच के बीच उठाया है। यह पांच एकड़ जमीन राहुल खड़गे को कर्नाटक इंडस्ट्रियल एरियास डेवलपमेंट बोर्ड (KIADB) की तरफ से बागालुर के हाई-टेक डिफेंस एंड एयरोस्पेस पार्क में हार्डवेयर सेक्टर में दी गई थी। उन्होंने यहां पर मल्टी स्किल डेवलपमेंट सेंटर सेटअप करने का प्लान बनाया था। इससे पहले कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती बी. एम. ने 30 सितंबर को MUDA को 14 प्लॉट वापस करने की बात कही थी। इसे लेकर सिद्धारमैया ने कहा कि मेरे खिलाफ चल रहे राजनीतिक षड्यंत्र से आहत होकर मेरी पत्नी ने प्लॉट वापस करने का फैसला लिया है।

लद्दाख भवन के बाहर प्रदर्शन कर रहे लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने रविवार को यहां लद्दाख भवन के बाहर केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के नेतृत्व में छह अक्टूबर से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल कर रहे करीब 20 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया। एक प्रदर्शनकारी ने बताया कि हिरासत में लिए गए प्रदर्शनकारियों को मंदिर मार्ग पुलिस थाना ले जाया गया है। पुलिस ने इससे पहले कहा था कि हिरासत में लिए गए लोगों में सोनम वांगचुक भी शामिल है लेकिन बाद में नयी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि हिरासत में लिए गए लोगों में जलवायु कार्यकर्ता शामिल नहीं हैं। पुलिस उपायुक्त (नयी दिल्ली) देवेश महाला ने कहा, 'हमने कुछ छात्रों को लद्दाख भवन के बाहर से हिरासत में लिया है।सोनम वांगचुक उनमें शामिल नहीं हैं।' इस बीच, वांगचुक ने एक वीडियो संदेश में कहा कि दिल्ली पुलिस ने उनके कई समर्थकों को हिरासत में ले लिया है।

हरियाणा विधायक दल का नेता चुनने के लिए अमित शाह और मोहन यादव को मिला कमान

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के संसदीय बोर्ड ने रविवार यानी 13 अक्टूबर को हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में विधायक दल के नेता चुनने के लिए वरिष्ठ नेताओं को केंद्रीय पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किया है। यह निर्णय हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों के मद्देनजर लिया गया है, जहां भाजपा ने 90 में से 48 सीटें जीती है। भाजपा ने हरियाणा में राज्य विधायक दल के नेता के चयन के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। बता दें कि हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजे आठ अक्टूबर को घोषित किए गए थे।

नवनीत राणा को गैंगरेप की धमकी

आमिर ने लेटर लिखकर मांगी 10 करोड़ की फिरौती

दोपहर संवाददाता । अमरावती

महाराष्ट्र के अमरावती से कद्दावर बीजेपी नेता और पूर्व सांसद नेता नवनीत राणा को एक धमकी भरा पत्र मिला है। इस पत्र में नवनीत राणा को सामूहिक दुष्कर्म की धमकी मिली है। पत्र भेजने वाले ने अपना नाम आमिर बताया है। इसमें पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे भी लिखे हैं। इतना ही नहीं उसने दस करोड़ रुपए की फिरौती भी मांगी है। इस लेटर में नवनीत राणा के पति रवि राणा को लेकर विवादित शब्दों का इस्तेमाल किया गया और उन्होंने यह भी कहा कि मैं हैदराबाद से हूं। साथ ही मेरा किसी पार्टी से संबंध नहीं है। उन्होंने कहा कि मेरे भाई वसीम ने दुबई से आपको फोन किया था। इस पत्र को भेजने वाले ने अपना मोबाइल नंबर भी लिखा है। पत्र में कहा गया कि यह मैंने अपनी पत्नी से लिखवाया है। इस मामले में रवि राणा के निजी सहायक विनोद गुहे ने शहर के राजापेठ थाने में मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। सबसे खास बात यह है कि लोकसभा चुनाव के दौरान नवनीत राणा ने हैदराबाद में भाजपा के लिए प्रचार किया था और जोरदार भाषण भी दिया था।

कौन हैं नवनीत राणा?

मुंबई में एक पंजाबी परिवार में जन्मी और पली-बढ़ी नवनीत राणा ने अपनी स्कूली शिक्षा कार्तिका हाई स्कूल और जूनियर कॉलेज से की। उन्होंने मॉडलिंग से शुरुआत की और दर्शन नाम की कन्नड़ फिल्म से सिल्वर स्क्रीन पर डेब्यू किया। इसके बाद उन्होंने सीनू वसंती लक्ष्मी नाम की एक तेलुगु फिल्म में काम किया। साल 2019 में उन्होंने निर्दलीय चुनाव लड़ा। इस बार उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ा और वह कांग्रेस के बलवंत वानखेड़े से 19,731 वोटों से हार गईं।

नवनीत राणा का विवादों से रहा है पुराना नाता

नवनीत राणा का विवादों से भी नाता रहा है। हैदराबाद की एक रैली में उन्होंने कहा था कि अगर 15 सेकंड के लिए पुलिस हटा दी जाए तो पता नहीं चलेगा कि दोनों भाई कहां चले गए। इसके अलावा उन्होंने गुजरात में एक और बयान दिया था। इसमें नवनीत राणा ने कहा था कि अगर कोई जय श्री राम नहीं कहना चाहता तो वह पाकिस्तान चला जाए। यह भारत है। अगर यहां रहना है तो जय श्री राम कहना ही होगा।

राज ठाकरे ने किया 'एकला चलो' का ऐलान

उद्धव ठाकरे व एकनाथ शिंदे पर कसा तंज

धीरज सिंह । मुंबई

निर्वाचन आयोग महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की घोषणा कभी भी कर सकता है। इसलिए सभी राजनीतिक दल जोर-शोर से विधानसभा चुनाव की तैयारी कर रहे हैं। सियासी गठबंधनों में शामिल घटक दलों के बीच सीटों के बंटवारे और उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गई है। इसी पृष्ठभूमि में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के अध्यक्ष राज ठाकरे ने रविवार को एकला चलो रणनीति अपनाते हुए अपने दम पर अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। इस दौरान मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे द्वारा अपने भाषणों में बार बार बाघ नख का जिक्र किए जाने पर उद्धव पर कटाक्ष किया तो वहीं मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को 'पुष्पा' कहते हुए तंज कसा।

इतिहास से बाहर नहीं निकलते

मुंबई के गोरेगांव में मनसे के कार्यकर्ताओं की बैठक में राज ठाकरे ने कई विषयों को अपनी खास शैली में उठाते हुए सत्तारूढ़ महायुति और विपक्षी गठबंधन महाविकास आघाड़ी पर जोरदार हमला बोला। शनिवार को दशहरा सम्मेलन के दौरान दिए गए उद्धव और सीएम के भाषणों को माध्यम बनाकर राज ने कहा कि उद्धव ठाकरे इतिहास से बाहर निकलते ही नहीं हैं।

एकनाथ शिंदे को कहा पुष्पा

राज ठाकरे ने उद्धव ठाकरे पर हमला करते हुए कहा कि वे बार-बार बाघनख का जिक्र करते। यहां से अब्दाली आया। वहां से अफजल खान, और शाइस्ता खान आया। इसी तरह राज ने नकल करते हुए सीएम एकनाथ शिंदे को 'पुष्पा' कह दिया। उन्होंने कहा पुष्पा अपने आप में ही मगन है।

भाजपा, शरद पवार पर निशाना

राज ठाकरे ने महाराष्ट्र में जोड़-तोड़ की राजनीति को लेकर बीजेपी के साथ-साथ राकां नेता शरद पवार पर भी जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि अजित पवार अब गुलाबी जैकेट पहनकर घूम रहे हैं। अजित के बीजेपी में शामिल होने से आठ दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने भाषण में उन पर 70 हजार करोड़ रुपए के सिंचाई घोटाले का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा कि उन्हें जेल में डालेंगे। लेकिन बाद में बीजेपी ने अजित को अपना लिया और उपमुख्यमंत्री बना दिया।

असम के करीमगंज पुलिस की बड़ी कामयाबी

4.5 करोड़ रुपए की हेरोइन को किया जब्त

एजेंसी । गुवाहाटी

असम के करीमगंज जिले में रविवार को पुलिस ने एक बड़े मादक पदार्थ तस्करी रैकेट का भंडाफोड़ किया है और लगभग 4.5 करोड़ रुपए की हेरोइन जब्त कर चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, तस्करी का यह माल मिजोरम से आ रहा था और इसे असम के विभिन्न हिस्सों में वितरित किया जाना था। करीमगंज के पुलिस अधीक्षक पार्थ प्रोतिम दास ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें इस तस्करी के बारे में गुप्त सूचना मिली थी, जिसके बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए चेवली बील क्षेत्र में एक वाहन को रोका। यह वाहन मिजोरम में पंजीकृत था और आइजोल से आ रहा था। वाहन की गहन तलाशी के दौरान पुलिस ने 548.82 ग्राम हेरोइन बरामद की, जिसे 48 छोटे साबुन के डिब्बों में छुपाकर रखा गया था।

सूचना के आधार पर हमने तुरंत कार्रवाई की और वाहन को रोक दिया

दास ने और आगे बताया कि सूचना के आधार पर हमने तुरंत कार्रवाई की और वाहन को रोक दिया। तलाशी के बाद 548 .82 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। हमने इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है, जो इस तस्करी में शामिल थे। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों के नाम और उनकी पहचान फिलहाल गोपनीय रखी गई है, लेकिन पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है ताकि इस तस्करी रैकेट के अन्य सदस्यों का पता लगाया जा सके। बरामद हेरोइन की कीमत नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के मानकों के अनुसार अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब 4 .5 करोड़ रुपए आंकी गई है। इस मामले में पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है और गिरफ्तार व्यक्तियों के खिलाफ नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार लोगों को कोर्ट में पेश किया जाएगा, और उनसे आगे की जांच के लिए पुलिस हिरासत में लिया जा सकता है।

जम्मू-कश्मीर की हालत दिल्ली जैसी, यहां भी CM से ज्यादा LG को पावर : केजरीवाल

'उमर को सरकार चलाने में दिक्कत आए तो मदद करूंगा'

एजेंसी । श्रीनगर

आम आदमी पार्टी (AAP) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जम्मू-कश्मीर के डोडा में पार्टी के उम्मीदवार की विधानसभा चुनाव में जीत पर धन्यवाद रैली की। उन्होंने कहा- मैं दिल्ली से आप लोगों का शुक्रिया अदा करने आया हूं। आप लोगों ने ऐतिहासिक काम किया है। आपने नई किस्म की राजनीति का बीज बोया है। उन्होंने उमर अब्दुल्ला को नेशनल कॉन्फ्रेंस की जीत की बधाई दी और कहा- जम्मू-कश्मीर को भी दिल्ली की तरह आधा राज्य बना दिया गया है। सारी पावर LG को दे दी गई है, मैं उमर अब्दुल्ला को कहना चाहूंगा कि काम करने में कोई अड़चन आए तो मुझसे पूछ लेना, मुझे दिल्ली चलानी आती है। केजरीवाल ने कहा- मोदी जी कहते हैं केजरीवाल फ्री की रेवड़ी दे रहा है, लेकिन केजरीवाल पुण्य कमा रहा है। मरने के बाद यही काम आएगा। आप अपने एक दोस्त की सेवा करते हो, मैं 3 करोड़ लोगों की सेवा करता हूं।

हमने आप लोगों का प्यार और आशीर्वाद कमाया है, इसलिए मोदी जी की नहीं चली : केजरीवाल

उन्होंने मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार करवा दिया, ताकि स्कूल खराब हो जाएं। सतेंद्र जैन को गिरफ्तार करा दिया, ताकि अस्पताल खराब हो जाएं। केजरीवाल को गिरफ्तार करवा दिया, जिसने ये सारे काम किए। हमने आप लोगों का प्यार और आशीर्वाद कमाया है, इसलिए मोदी जी की नहीं चली, हम छूट गए। पहले केजरीवाल की यह रैली पहले 10 अक्टूबर को होनी थी। हालांकि आचार संहिता के कारण रैली स्थगित करनी पड़ी थी। 8 अक्टूबर को जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के नतीजे आए थे। इसमें मेहराज मलिक की जीत के बाद केजरीवाल ने उन्हें वीडियो कॉल पर बधाई दी थी। मलिक ने केजरीवाल को डोडा आने का न्योता दिया था। न आने के लिए वीडियो जारी कर माफी मांगी AAP ने 10 अक्टूबर को X पर केजरीवाल का एक वीडियो जारी किया, जिसमें पूर्व सीएम ने कहा- मैं आप सबके बीच आज आने वाला था। इसके लिए कल ही (9 अक्टूबर) पंजाब के सीएम भगवंत मान के साथ एयरपोर्ट के लिए निकल भी गया था। वहां पता चला कि मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट के चलते हम जम्मू-कश्मीर नहीं जा सकते। अब मैं रविवार को पंजाब के मुख्यमंत्री के साथ आप लोगों के बीच आऊंगा और व्यक्तिगत तौर पर आपसे मिलूंगा। आज न आने के लिए मैं माफी चाहता हूं, ये मेरे बस के बाहर था।

मुंबई के कई हिस्सों में आंधी आने का पूर्वानुमान

आईएमडी के मुंबई केंद्र ने जारी किया 'येलो अलर्ट'

मुनीब चौरसिया । मुंबई

मुंबई में रविवार शाम को दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी के चलते कई हिस्सों में मध्यम दर्जे की बारिश हुई। आईएमडी के मुंबई केंद्र ने सोमवार यानी 14 अक्टूबर को भी बारिश और गरज-चमक के साथ आंधी की संभावना जताई है, जिससे महानगर और आसपास के इलाकों में फिर से मौसम का मिजाज बदल सकता है। आईएमडी के अनुसार, रविवार शाम को मुंबई के कई हिस्सों में हल्की और मध्यम बारिश दर्ज की गई। विशेष रूप से दक्षिण मुंबई और पश्चिमी उपनगरों में बारिश ने लोगों को गर्मी और उमस से थोड़ी राहत दी। हालांकि, यह बारिश अधिक देर तक नहीं चली, लेकिन वातावरण में हल्की ठंडक और नमी बढ़ा दी।

सोमवार के लिए मौसम विभाग का पूर्वानुमान

मौसम विभाग ने सोमवार को भी मुंबई और उसके आसपास के जिलों में बारिश और गरज-चमक की संभावना व्यक्त की है। आईएमडी ने कहा कि पालघर, ठाणे, धुले और नासिक जिलों में सोमवार को 'येलो अलर्ट' जारी किया गया है। इन क्षेत्रों में गरज-चमक के साथ हल्की बारिश और आंधी चलने की संभावना है। येलो अलर्ट का मतलब है कि लोग सतर्क रहें, क्योंकि गरज-चमक के साथ तेज हवाएं और बिजली गिरने की आशंका हो सकती है। मौसम विभाग ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है, खासकर उन लोगों को जो खुले स्थानों या पेड़ों के नीचे खड़े रहते हैं। आईएमडी के अनुसार, यह बारिश दक्षिण-पश्चिम मानसून की विदाई से जुड़ी है।

महाराष्ट्र के अन्य हिस्सों में भी बारिश होने की संभावना

मानसून की विदाई का यह चरण आमतौर पर हल्की से मध्यम बारिश और गरज-चमक के साथ होता है और यह स्थिति अगले कुछ दिनों तक बनी रह सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, मुंबई के अलावा महाराष्ट्र के अन्य हिस्सों में भी बारिश होने की संभावना है। हालांकि, ज्यादातर जिलों में हल्की बारिश के आसार हैं, लेकिन नासिक, धुले, पालघर और ठाणे जैसे जिलों में तेज हवाओं के साथ गरज-चमक भी हो सकती है।

अग्निवीरों की मौत का मामला

राहुल ने मोदी सरकार की अग्निपथ योजना पर फिर उठाए सवाल

नासिक। महाराष्ट्र के नासिक में हाल ही में प्रशिक्षण के दौरान दो अग्निवीरों की मौत हो गयी थी। इस मामले के सामने आने के बाद विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने रविवार को मोदी सरकार की अग्निपथ योजना पर सवाल उठाए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से सवाल पूछा कि एक सैनिक की जिंदगी दूसरे सैनिक की तुलना में अधिक मूल्यवान क्यों है? इसके अलावा उन्होंने यह भी सवाल किया कि 'अग्निवीर' के रूप में शहीद हुए दो सैनिकों के परिवारों को अन्य शहीद सैनिकों के समान पेंशन और लाभ क्यों नहीं मिलेंगे?

रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में गांधी ने लिखा, 'नासिक में प्रशिक्षण के दौरान दो अग्निवीर गोहिल विश्वराजसिंह और सैफत शित की मौत एक दर्दनाक घटना है। उनके परिवारों के प्रति मेरी गहरी

संवेदनाएं हैं। यह घटना एक बार फिर अग्निवीर योजना पर गंभीर सवाल उठाती है, जिनका जवाब देने में BJP सरकार असफल रही है।' इस पोस्ट में आगे गांधी ने मोदी सरकार से सवाल पूछे। उन्होंने पूछा कि क्या गोहिल और सैफत के परिवारों को समय पर मुआवजा मिलेगा, जो किसी अन्य जवान की शहादत के बराबर हो?

मूलभूत सुविधा व परियोजना निर्माण में महाराष्ट्र नं. 1 :मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे

■ मुख्यमंत्री के हाथों ठाणे खाड़ी पुल -3 का उद्घाटन व कोकण के सात खाड़ी पुलों का भूमिपूजन

दोपहर संवाददाता । ठाणे

राज्य में विभिन्न जगहों पर में तमाम योजना व विकास का काम तेजी से चल रहा है। महाराष्ट्र सड़क विकास महामंडल की ओर से लगभग दो लाख करोड़ की लागत का काम शुरू है। मूलभूत सुविधा व योजनाओं को लेकर महाराष्ट्र देश में नं. 1 पर है यह बात मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने उद्घाटन के दौरान कही। सायन-पनवेल सड़क मार्ग पर ठाणे खाड़ी पुल 3 का मुंबई से

पूना जाने वाले का उत्तर मार्ग का उद्घाटन व रायगढ़ से सिंधुदुर्ग के सागरी सड़क मार्ग के सात खाड़ी पुलों का भूमिपूजन मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के हाथों से वाशी में किया गया।

'यह कोकण वासियों के लिए दीपावली उपहार है'

इस अवसर पर सार्वजनिक निर्माण (सार्वजनिक उपक्रम) मंत्री दादाजी भुसे, पूर्व सांसद राहुल शेवाले, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव मनिषा म्हैसकर-पाटणकर, महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास महामंडल उपाध्यक्ष व व्यवस्थापकीय संचालक डॉ.अनिल कुमार गायकवाड, सहव्यवस्थापकीय संचालक राजेश पाटील, मुख्य अभियंता राजेश निघोट, मुख्य अभियंत एस. के. सुरवसे सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। रेवस - रेडी सागरी महामार्ग धरमतर, कुंडलिका, आगरदांडा, बाणकोट, केलशी, जयगड, कुणकेश्वर इन सात खाड़ी पुल का भूमिपूजन वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए मुख्यमंत्री शिंदे ने किया। सात खाड़ी पुलों की कुल लंबाई 26.70 किलोमीटर है, इसके लिए 7 हजार 851 करोड़ रुपये की सरकार ने निधी उपलब्ध किया है। मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा यह कोकण वासियों के लिए दीपावली उपहार है।

एटीएस की हिरासत में 2 संदिग्ध

▸▸ जेल में अबु सलेम से की थी मुलाकात, मचा हडकंप

दोपहर संवाददाता । मुंबई

मुंबई बम विस्फोट का आरोपी और कुख्यात गैंगस्टर अबू सलेम वर्तमान में नाशिक रोड सेंट्रल जेल में सजा काट रहा है। गुरुवार को उसकी सहेली हीना उससे मिलने के लिए नाशिक रोड जेल आई थी। आतंकवाद विरोधी दस्ते को जब यह जानकारी मिली कि उसके साथ एक और व्यक्ति है, तो उन्होंने जेल पहुंचकर दोनों को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया। अबू सलेम से मिलने आए 2 लोगों की 24 घंटे पूछताछ की गई।

हिरासत में लिए जाने के बाद पूछताछ जारी

दोनों को सख्त सुरक्षा में नाशिक रोड पुलिस स्टेशन ले जाया गया। रात तक उनकी पूछताछ जारी रही। इस दौरान एटीएस के साथ राज्य गुप्तचर विभाग और शहर क्राइम ब्रांच की टीमें भी मौजूद रहीं। एटीएस द्वारा 24 घंटों से हिरासत में लिए जाने के बाद दोनो से पूछताछ की गई। हीना की अबू सलेम से मुलाकात के पीछे का उद्देश्य और इसके पीछे की जानकारी भी पूछताछ में ली गई। हीना के साथ आए विदेशी व्यक्ति ने कथित तौर पर नागपूर के एक गुंडे से मिलने के लिए आने की बात कही है। एटीएस को अबू सलेम से मिलने आए इस विदेशी नागरिक और महिला से क्या जानकारी मिलती है, यह देखना महत्वपूर्ण होगा।

अबू सलेम को नाशिक रोड जेल भेजा गया

अबू सलेम को नाशिक रोड जेल में रखा गया है, जिसे पहले तलोजा जेल से सुरक्षा कारणों से स्थानांतरित किया गया था। कुछ दिन पहले, अबू सलेम को दिल्ली में एक महत्वपूर्ण सुनवाई के लिए अदालत में पेश करने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम के बीच ले जाया गया था। 2002 में रंगदारी मांगने के मामले में दिल्ली की पटियाला कोर्ट में अबू सलेम को पेश किया गया था।

बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में मुंबई पुलिस का बड़ा एक्शन

▸▸ साजिशकर्ता प्रवीण लोनकर को किया गिरफ्तार

दोपहर संवाददाता । मुंबई

बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में मुंबई पुलिस ने एक और गिरफ्तारी की है। पुलिस ने एनसीपी नेता के हत्याकांड में शामिल शुभम लोनकर के 28 वर्षीय भाई प्रवीण लोनकर को पुणे से गिरफ्तार किया गया है। प्रवीण उन साजिशकर्ताओं में से एक है, जिसने शुभम लोनकर के साथ मिलकर धर्मराज कश्यप और शिवकुमार गौतम को साजिश में शामिल किया था।

इससे पहले बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में गिरफ्तार दो आरोपियों की पहचान गुरमेल सिंह और धर्मराज कश्यप के रूप में हुई है, जिन्हें एस्प्लेनेड कोर्ट से ले जाया गया। कोर्ट ने आरोपी गुरमेल सिंह को 21 अक्टूबर तक मुंबई क्राइम ब्रांच की हिरासत में भेज दिया। वहीं दूसरे आरोपी धर्मराज कश्यप को पुलिस हिरासत में नहीं

दी गई। कोर्ट ने दूसरे आरोपी को ऑसिफिकेशन टेस्ट कराने के बाद फिर से पेश करने का निर्देश दिया है। बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में रविवार को कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने इस हत्या की जिम्मेदारी ली थी। लॉरेंस बिश्नोई गैंग के सदस्य का एक फेसबुक पोस्ट वायरल हो रहा है। इस पोस्ट में लॉरेंस गैंग ने दावा किया है कि वे सलमान खान से कोई युद्ध नहीं चाहते थे, लेकिन दाऊद इब्राहिम के साथ बाबा सिद्दीकी के जुड़ाव के कारण उनकी हत्या की गई। हालांकि, मुंबई पुलिस ने वायरल फेसबुक पोस्ट पोस्ट की पुष्टि नहीं की है साथ ही कहा कि इसकी जांच की जाएगी।

मैं वंचितों, दलितों और गरीबों को परेशान करने वालों का हिसाब करूंगी: पंकजा

दोपहर संवाददाता । मुंबई

भाजपा की राष्ट्रीय सचिव पंकजा मुंडे ने मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे-पाटील पर जोरदार हमला किया है। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव दूर नहीं है। राज्य भर में वंचितों, दलितों, पीड़तों और गरीबों को कोई परेशान करने की कोशिश किया तो मैं उसका हिसाब करूंगी। पंकजा ने कहा कि मैं समाज के वंचित और पीड़ित लोगों के लिए काम करने के लिए राजनीति में हूं। मैं ऐसे लोगों के लिए काम करने वालों के साथ मजबूती से खड़ी रहूंगी। लेकिन मैं जाति पर सवार होने वालों के साथ खड़ा नहीं रह सकती हूं। शनिवार को भाजपा विधायक पंकजा ने बीड़ के पाटोदा तहसील के सावरगाव घाट गांव के भगवानगड पर दशहरा रैली को संबोधित करेंगे। सावरगाव संत भगवानबाबा का जन्मस्थल है। रैली में राकांपा (अजित) के नेता तथा प्रदेश के कृषि धनंजय मुंडे समेत भाजपा के कई विधायक शामिल हुए। रैली में ओबीसी आरक्षण कार्यकर्ता लक्ष्मण

हाके ने भी हिस्सा लिया। हाके और मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे-पाटील एक-दूसरे के विरोधी माने जाते हैं। माना जा रहा है कि इसी के चलते पंकजा ने हाके को अपने मंच पर भाषण करने का मौका दिया। रैली में पंकजा ने कहा कि मैं अधिकारियों को गोपनीय चरित्रावली (सीआर) देखकर काम देने वालों में से हूं। मैं अधिकारियों की जाति देखकर काम देने वाले की औलाद नहीं हूं।मैं किसी से डरती नहीं, रात के अंधेरे में किसी से मिलती नहीं

मैं किसी से डरती नहीं हूं

पंकजा ने कहा कि मैं किसी से डरती नहीं हूं। मैं किसी को रात के अंधेरे में नहीं मिलती हूं। मैं राजनीति से चिपकर बैठने वालों में से नहीं हूं। मैं घर भरने के लिए राजनीति में नहीं हूं। पंकजा ने कहा कि मैंने राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री रहते हुए निधि आवंटन में कभी किसी गांव के साथ भेदभाव नहीं किया। लेकिन साल 2024 के लोकसभा चुनाव में मुझे हार का सामना करना पड़ा। हमें इस हार की भरपाई करनी है। लेकिन लोकसभा चुनाव में हार से निराश और गुस्से में नहीं हूं। 12 सालों के तप के बाद रैली में आया हूं- धनंजय मुंडे प्रदेश के कृषि मंत्री धनंजय मुंडे ने कहा कि मैं 12 सालों के तप के बाद पंकजा की ओर से आयोजित दशहरा रैली में शामिल हुआ हूं। पिछले कई वर्षों तक पंकजा से मेरे मतभेद थे। लेकिन मैंने कभी पंकजा के समानांतर दशहरा रैली आयोजित करने का मन में भी विचार नहीं आया। इस दौरान धनंजय ने नाम लिए बैगर मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे-पाटील पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यदि हम सभी लोग एकजुट रहे तो इस दशहरा रैली की पवित्रता को कोई नया दशहरा सम्मेलन शुरू करके खत्म नहीं कर सकता है। पंकजा ने बेटे आर्यमन का कराया परिचय पंकजा ने मंच पर बैठे बेटे आर्यमन को अपने पास बुलाकर परिचय कराया। उन्होंने कहा कि आर्यमन भगवानबाबा का दर्शन करने आए हैं। मेरे लिए आर्यमन प्रिय हैं। लेकिन मैंने आर्यमन से कहा कि आपसे ज्यादा मुझे बीड़ की जनता प्रिय है। क्योंकि मेरी चीनी मिल पर जब जीएसटी का छापा पड़ा था, तब यहां के लोगों ने 12 करोड़ रुपए जमा किया।

प्रतिमा विसर्जन के दौरान डूबने से तीन युवकों की मौत

दोपहर संवाददाता । मुंबई

गोंदिया जिले में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान तीन युवकों की डूबने से मौत हो गई। यह दुखद घटना शनिवार रात को लोधीतोला (साओरी) गांव में हुई। गांव के कुछ लोग देर रात दुर्गा माता की प्रतिमा का विसर्जन करने झील में गए थे। समाचार की रिपोर्ट के मुताबिक जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी राजन चौबे ने कहा, 'विसर्जन के दौरान कुछ लोग गहरे पानी में चले गए, जिसके कारण यह हादसा हुआ।' पानी में डूबने से जिन युवकों की मौत हुई है उनकी पहचान अशिष फागुलाल दमाहे (23), विशाल फागुलाल दमाहे (20), और यश गंगाधर हिरापुरे (19) के रूप में हुई है। चश्मदीदों ने बताया कि एक समूह मूर्ति विसर्जन के लिए रात के अंधेरे में झील में प्रवेश कर गया था और वहां काफी पानी था। ये तीनों युवक प्रतिमा के साथ गहरे पानी में चले गए और अचानक पानी में डूबने लगे।

उन्हें बचाया नहीं जा सका। जब तक गांव के लोगों ने पुलिस को इस हादसे की सूचना दी गई, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। गांव वालों की सूचना पर वहां पहुंची पुलिस ने बचाव दल की सहायता से शवों को बाहर निकाला। पुलिस ने इस घटना की जांच शुरू कर दी है, और शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

इस हादसे ने गांव में शोक की लहर पैदा कर दी है। दुर्गा पूजा का उत्साह अब मातम में बदल गया है। जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे विसर्जन के दौरान सुरक्षा नियमों का पालन करें और गहरे पानी में जाने से बचें।

लाड़ली बहनों को गिफ्ट देकर किया गया सम्मानित

दोपहर संवाददाता । उल्हासनगर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा शुरूकी गई लाड़ली बहन योजना में 1500 रुपए हर महीना पाने वाली बहनों को उल्हासनगर के टाउन हॉल में गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम महाराष्ट्र राज्य सिंधी साहित्य अकादमी के कार्य अध्यक्ष महेश सुखरामनी द्वारा रखा गया था। यहां पर सभी लाड़ली बहनों को गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया।इस कार्यक्रम में उल्हासनगर मनपा पैनल नंबर 6 वार्ड नंबर 35 की लगभग 1000 लाड़ली बहना शामिल थी सभी लाड़ली बहनों को गिफ्ट देने के बाद उनको भोजन करवाया गया और टाउन हॉल में इन बहनों के मनोरंजन के लिए संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी मनोरंजन के लिए रखा गया था।

इस कार्यक्रम में डुप्लीकेट अमिताभ बच्चन, डुप्लीकेट सलमान खान शामिल थे और अपने कला के जरिए इन कलाकारों ने लाड़ली बहनों का मनोरंजन किया। इस कार्यक्रम में उल्हासनगर के विधायक कुमार अयलानी, भाजपा केंद्रीय सदस्य लदाराम नागवानी, सहयोग फाउंडेशन के अध्यक्ष राम ज्वहारानी, समाजसेविका नीतू सुखरामनी, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप रामचंदानी, भाजपा पूर्व नगर सेवक प्रकाश माखिजा, पूर्व नगरसेवक विनोद तालरेजा, व्यापारी नेता दीपक छतलानी, उल्हासनगर मनपा पूर्व स्थायी समिति सभापति राजेश वधरिया, उल्हासनगर भाजपा विधानसभा प्रमुख जमनु पुरुस्वानी, भाजपा नेता अजित सिंह लबाना सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। महेश सुखरामनी ने कहा कि महाराष्ट्र राज्य में हमारी सरकार फिर से आयी तो यह योजना लगातार जारी रहेगी और सभी बहनों को इसका फायदा जरूर मिलेगा, यह योजना कभी बंद होने वाली नहीं है और हर लाड़ली बहन को 1500 रुपये हर महीना मिलता रहेगा। इस मौके पर सभी लाड़ली बहनों ने संकल्प लेते हुए कहा कि इस बार विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत पक्की है और वह सभी लाड़ली बहन भाजपा को अपना मतदान करेगी, जिससे उल्हासनगर में भाजपा का उम्मीदवार चुनाव जीत कर आए और उल्हासनगर शहर में भाजपा का विधायक फिर से बने।

मां के साथ में नवजात शिशु का बचा प्राण

▸▸ मर्जिया पठान ने दी मानवता की मिसाल

दोपहर संवाददाता । ठाणे

आज इंसान इतना बदल गया है कि इंसानियत को ही भूल गया है।वहीं एक घटना मुंब्रा में घटी एक गर्भवती महिला को अचानक प्रसव पीड़ा बढ़ गई दर्द से चीखना चिल्लाने के बाद भी उपस्थित लोगों ने अनदेखा कर दिया।लेकिन यह बात सामाजिक कार्यकर्ता मर्जिया शानू पठान को पता चलते ही तत्काल महिला को लेकर अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करा मानवता की मशाल

कायम कर दी। मुंब्रा की रहिवासी रोशनी काले गर्भवती महिला मित्तल रोड परिसर में किसी काम को लेकर गई थी अचानक प्रसव पीड़ा होने लगी और वह सड़क पर गिर गई।लेकिन आस पास के लोगों ने अनदेखा कर दिया और किसी ने भी मदद के लिए अपना हाथ नहीं बढ़ाया।वहीं अमृत नगर में अपने कार्यकाल में बैठी मर्जिया शानू पठान को यह पता चलते ही स्वयं महिला को पकड़कर गाड़ी में बैठाकर कौशा अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों के प्रयास से रोशनी को पुत्ररत्न की प्राप्ति हुई।वही लड़की के परिजन से मर्जिया ने बच्चे का नाम शिवा रखने के लिए विनती की।

जीशान अख्तर 3 शूटरों को दे रहा था निर्देश

■ बाबा सिद्दीकी की हत्या में पुलिस कर रही तलाश

दोपहर संवाददाता । मुंबई

एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में मुंबई पुलिस ने कुल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। गिरफ्तार आरोपियों में धर्मराज राजेश कश्यप, गुरमेल बलजीत सिंह और शिबू लोंकर का भाई प्रवीण लोंकर शामिल है। गुरमेल बलजीत सिंह को कोर्ट में पुलिस ने पेश किया था और 21 अक्टूबर तक कोर्ट ने पुलिस रिमांड का निर्देश दिया है। वहीं, पुलिस

अन्य आरोपी जीशान अख्तर और शिवा गौतम की तलाश कर रही है। शनिवार की रात को धर्मराज राजेश कश्यप, गुरमेल बलजीत हिंस और शिवा गौतम ने मिलकर बाबा सिद्दीकी की हत्या को अंजाम दिया था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक मोहम्मद जीशान अख्तर तीनों शूटरों को निर्देश दे रहा था। बाबा सिद्दीकी हत्याकांड को अंजाम देने के लिए जीशान अख्तर ने पूरा इंतजाम किया था। उसने ही मुंबई में किराए के कमरे लेने में मदद की थी। इसके साथ ही दूसरे लॉजिस्टिक सपोर्ट के भी इंतजाम किया था।

पटियाला जेल में लॉरेंस गैंग से हुई थी मुलाकात

पुलिस सूत्रों के मुताबिक जीशान अख्तर पटियाला जेल में बंद था और वह सात जून से जेल से बाहर रिहा हुआ था। पुलिस का कहना है कि आरोपी इतना शातिर था कि 2022 में विदेशी नंबर पर वॉट्सऐप इस्तेमाल करता हुआ पकड़ा गया था। जीशान अख्तर ने गांव ही सरकारी स्कूल से 10वीं तक ही पढ़ाई की है। आरोपी के पिता मुहम्मद जमील टाइल ठेकेदार का काम करते हैं। आरोपी जीशान का भाई पिता के साथ ही काम करता है।

मुंबई में आरोपियों के रहने की व्यवस्था की थी

जीशान अख्तर जालंधर के नकोदर के इलाके के शकर गांव का रहने वाला है। जालंधर पुलिस ने साल 2022 में इसे जीशान अख्तर को हत्या और डकैती के केस में गिरफ्तार किया था।जीशान अख्तर जेल से रिहा होने बाद कैथल में स्थित गुरमेल के घर गया और उसके बाद जब उसे ऑर्डर मिला तो मुंबई पहुंचा और मुंबई में सभी आरोपी एक साथ एक किराए के मकान में रह रहे थे। पुलिस का कहना है कि जीशान इस समय मुंबई में ही कहीं छिपा है। बाबा सिद्दीकी मर्डर केस में फरार आरोपी जीशान अख्तर असली नाम मोहम्मद यासिन अख्तर उर्फ जेसी उर्फ सिकंदर उर्फ जस्सी है। इसके गैंग में कुल 22 लोग शामिल हैं। जस्सी वारदात को अंजाम देने के लिए .32 और .30 की पिस्टल का इस्तेमाल करता था। जीशान पर अभी तक कुल 7 मुकदमे दर्ज हैं। अब पुलिस बाबा सिद्दीकी के हत्या के मामले की जांच में उसकी तलाश कर रही है।

उल्हासनगर मनपा के निविदा में बहुत बड़ा झोलझाल: डिंपल ठाकुर

दोपहर संवाददाता । उल्हासनगर

उल्हासनगर नगरपालिका में निविदा प्रक्रियाओं में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए पूर्व नगरसेविका और लोक निर्माण विभाग की अध्यक्ष रही डिंपल नरेंद्र ठाकुर ने आयुक्त को एक गंभीर पत्र लिखा है। इस पत्र में उन्होंने निविदा जारी करने की प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और निष्पक्षता की कमी की ओर इशारा किया है और तत्काल जांच की मांग की है। ठाकुर ने अपने पत्र में निविदाओं को बंडल करके जारी करने की प्रथा पर सवाल उठाया है, जिसमें अलग-अलग कार्यों को एक ही निविदा में मिलाया जा रहा है। उन्होंने इस प्रथा को प्रतिस्पर्धा के लिए हानिकारक बताया और कहा कि इससे चुनिंदा ठेकेदारों को फायदा हो रहा है। ठाकुर ने आरोप लगाया कि इस तरह की गतिविधियां करदाताओं के पैसे का दुरुपयोग कर सकती हैं और घटिया सेवाओं की ओर ले जा सकती हैं।

डिंपल ठाकुर ने राजीव गांधी उद्यान (सपना गार्डन) की स्थिति पर भी सवाल उठाए हैं,

जो उनके पैनल क्षेत्र में आता है। उन्होंने बताया कि उद्यान की दीवारों और प्रवेश द्वार को बिना किसी अनुमति के ध्वस्त कर दिया गया है। उन्होंने एक साल से इस मुद्दे पर नगर निगम के अधिकारियों से संपर्क किया है, लेकिन कोई ठोस जवाब नहीं मिला। उन्होंने बताया कि 5 करोड़ की एक निविदा पारित की गई थी, जिसे ठेकेदार द्वारा सुरक्षा राशि जमा न कर पाने के बाद रद्द किया जाना चाहिए था। इसके बजाय, उसी निविदा को जय हिंद कंस्ट्रक्शन कंपनी को दे दिया गया और कार्य जय भारत कंस्ट्रक्शन द्वारा किया जा रहा है। ठाकुर ने इस निविदा प्रक्रिया में गंभीर उल्लंघन बताया और इसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

डिंपल ने किया निविदा प्रक्रिया में गड़बड़ियों का खुलासा

निविदा प्रक्रिया में गड़बड़ियों का खुलासा डिंपल ने किया है डिंपल ठाकुर ने निविदा जारी करने की प्रक्रिया में कई अन्य अनियमितताओं की भी ओर इशारा किया है, जैसे कि अपर्याप्त सूचना अवधि, अस्पष्ट मूल्यांकन मानदंड और सार्वजनिक जांच का अभाव। उन्होंने कहा कि इन प्रथाओं से जनता का विश्वास कमजोर होता है और नगर निगम की प्रक्रियाओं की विश्वसनीयता पर सवाल उठते हैं। डिंपल ठाकुर ने आयुक्त से अपील की है कि इन मुद्दों की गहन जांच की जाए और निविदा प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और निष्पक्ष बनाया जाए। उन्होंने निगम की सभी खरीद प्रक्रियाओं में उच्चतम मानकों का पालन करने का आग्रह किया है ताकि करदाताओं के धन का सही उपयोग हो और निगम की विश्वसनीयता बनी रहे। अब देखना यह होगा कि उल्हासनगर नगरपालिका इन गंभीर आरोपों पर क्या कार्रवाई करती है और निविदा प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए कौन से कदम उठाए जाते हैं।

दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

न्यूज़ ब्रीफ

महाराष्ट्र में प्रगतिशील पार्टियों की चुनावी रणनीति नासिक में होगी

मुंबई। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए महाराष्ट्र में प्रगतिशील पार्टियों के गठबंधन ने तैयारी शुरू कर दी है। बुधवार 16 अक्टूबर को नासिक में राज्यव्यापी सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इस सम्मेलन में चुनावी रणनीति तय की जाएगी और उम्मीदवारों की सूची तैयार की जाएगी। प्रगतिशील दलों के नेताओं ने चेतावनी दी है कि महाविकास अघाड़ी को सीट आवंटन के संबंध में प्रगतिशील दलों से निपटना चाहिए। बुधवार को मुंबई स्थित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यालय में महाराष्ट्र की प्रगतिशील पार्टियों की बैठक हुई। इस बैठक में पूर्व विधायक जयंत पाटिल, प्रा. एस. वी जाधव और राजेंद्र कोर्डे, समाजवादी पार्टी से मेराज सिद्दीकी और राहुल गायकवाड़, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी से डॉ. भालचंद्र कांगो, सुभाष लांडे, प्रकाश रेड्डी, राजू देसले, प्रो. डॉ. राम बाहेती, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के अशोक धावले, किसन गुजर, डॉ. एस. के. रेगे, शैलेन्द्र कांबले और सत्यशोधक कम्युनिस्ट पार्टी से किशोर धमाले उपस्थित थे।

संयुक्त बैठक में बुधवार 16 अक्टूबर को नासिक में एक भव्य राज्यव्यापी सम्मेलन आयोजित करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया. इस सम्मेलन में पूरे महाराष्ट्र से हजारों लोग हिस्सा लेने वाले हैं. नासिक के इस सम्मेलन में तत्काल मांग की जाएगी कि महाविकास अघाड़ी आगामी विधानसभा चुनावों के लिए वैकल्पिक जनोन्मुखी नीतियों की घोषणा करे और सीट आवंटन को लेकर प्रगतिशील दलों के साथ सम्मानजनक समझौता करे. साथ ही पूर्व विधायक जयंत पाटिल, विधायक अबू आसिम आजमी, डॉ. अशोक धावले और डॉ. भालचन्द्र कांगो को चार सदस्यों की एक समिति नियुक्त की गई।

अनमोल विचार
जीतने का एकमात्र तरीका लड़ाई लड़ना है : ड्वाइट डी. आइजनहावर

सीएम फेस को लेकर उद्धव ठाकरे का बड़ा बयान

महायुति को चैलेंज देते हुए बताया कब करेंगे ऐलान

दोपहर संवाददाता । मुंबई

विधानसभा चुनाव में महाविकास आघाड़ी (MVA) से मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित करने की जिद करने वाले पूर्व मुख्यमंत्री एवं शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने अब यू टर्न ले लिया है। रविवार को बांद्रा-पश्चिम, बैंड स्टैंड स्थित होटल ताज लैंड्स एंड में आयोजित एमवीए की संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में उद्धव ने कहा कि एमवीए में सीएम पद को लेकर कोई मतभेद नहीं है। हम सभी लोग भ्रष्ट एवं गुजरात के हित के लिए काम करने वाली महायुति सरकार को सत्ता से बाहर निकाल कर महाराष्ट्र को बचाने के लिए साथ आए हैं। इसलिए पहले सत्तारूढ़ महायुति को अपना सीएम पद का चेहरा घोषित करने दें। उन्होंने कहा कि एमवीए में मुख्यमंत्री के पद लायक कई चेहरे उपलब्ध हैं। बीते कुछ महीनों से महा विकास आघाड़ी में मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित करने की मांग उद्धव ठाकरे और उनकी पार्टी के सांसद व प्रवक्ता संजय राऊत बार-बार दोहरा चुके हैं लेकिन रविवार को उद्धव अपनी मांग से पलट गए। संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में उद्धव ठाकरे सहित एमवीए के प्रमुख घटक दल कांग्रेस और एनसीपी (शरदचंद्र पवार) से पत्रकारों ने सीएम पद के चेहरे को लेकर सवाल पूछा तो पहले जवाब देते हुए उद्धव ठाकरे ने गेंद सत्तारूढ़ महायुति के पाले में डाल दी। उद्धव ठाकरे ने कहा कि पहले महायुति को उनका चेहरा घोषित करने दें। क्योंकि वे सत्ता में हैं। सत्तारूढ़ महायुति द्वारा मुख्यमंत्री पद के लिए उम्मीदवार घोषित करने के बाद हम अगले दिन हम भी अपने उम्मीदवार की घोषणा कर देंगे।

सीएम का पद महत्वपूर्ण नहीं

शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा कि हमारे लिए मुख्यमंत्री का पद महत्वपूर्ण नहीं है। हमारा पहला काम महाराष्ट्र को बचाना है। इस वक्त महाराष्ट्र खतरे में है। सत्तारूढ़ दल फुले शाहू अंबेडकर के विचारों पर चलने वाले महाराष्ट्र को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृह मंत्री अमित शाह के विचारों का गुलाम बनाने का प्रयास कर रहे हैं। हम इससे राज्य को बचाना चाहते हैं। उद्धव ठाकरे ने कहा कि हम महाविकास अघाड़ी के रूप में एक हैं। हम एक मत से अपना निर्णय लेते हैं। ठाकरे ने कहा कि मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार भी सर्वसम्मति से तय किया जाएगा। इस मौके पर एनसीपी (शरदचंद्र पवार) प्रमुख शरद पवार और कांग्रेस के महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने भी उद्धव का समर्थन किया।

1990 से वापसी की तलाश में कांग्रेस

निर्दलीय की सेंध के बाद BJP भी लय में आने को बेकरार

मुंबई। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की सुगबुगाहट तो लोकसभा चुनाव के साथ ही शुरू हो गई थी। राज्य को इंतजार है तो बस चुनाव की घोषणा का। सभी राजनीतिक दलों ने कमर कस ली है। सीट बंटवारे को लेकर महायुति-महाविकास अघाड़ी में शामिल होने वाले दलों ने भीतर ही भीतर सीटें भी तय कर ली है। महाराष्ट्र की जनता से लेकर नेता तक बस चुनाव आयोग की तरफ निहार रहे हैं। चुनाव आयोग भी महाराष्ट्र में आकर राज्य की समीक्षा कर चुका है। 280 विधानसभा क्षेत्र वाले इस राज्य में चुनाव प्रक्रिया शांति पूर्ण तरीके से हो इसके लिए चुनाव आयोग ने शासन-प्रशासन को दिशा- निर्देश दे दिया है। हालांकि चुनाव का ऐलान दशहरे के बाद करने के लिए आयोग ने कहा था। ऐसे में आगामी एक दो दिन में कभी भी महाराष्ट्र चुनाव का ऐलान हो सकता है।

1962 से अस्तित्व में है यह सीट

चंद्रपुर विधानसभा सीट 1962 से अस्तित्व में है। तब से इस सीट पर 13 बार चुनाव हो चुका है। पहली बार इस सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार ने चुनाव जीता था। इसके बाद सबसे ज्यादा 6 बार कांग्रेस ने जीत हासिल की। वहीं पांच बार जीत के साथ बीजेपी सबसे ज्यादा बार जीतने वाली दूसरी पार्टी है। आखिरी चुनाव 2019 में हुआ जहां एक बार फिर से निर्दलीय ने बाजी मारी।

2024 में क्या होगा जनता का मूड?

अगर ऊपर लिखे आंकड़ों पर गौर फरमाएं तो, हम देख पाएंगे कि 1990 से कांग्रेस चंद्रपुर विधानसभा सीट पर वापसी नहीं कर पाई है। वहीं बीजेपी लगातार पांच बार चुनाव जीत कर अपना दम खम दिखा चुकी है। दूसरी, जो ध्यान देने वाली बात है वो है निर्दलीय। पिछले विधानसभा में निर्दलीय प्रत्याशी ने बाजी मारी है। इससे ये तो सीधे पता चल रहा है कि जनता बदलाव के मूड में है। हालांकि 2024 विधानसभा चुनाव परिणाम आने के बाद ही पता चल सकेगा कि जनता का आखिर मूड क्या था।

बाबा सिद्दीकी हत्याकांड

गुरमेल को 7 दिन की रिमांड, धर्मराज का ऑसिफिकेशन टेस्ट कराने के निर्देश

दोपहर संवाददाता । मुंबई

बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गुरमेल सिंह और धर्मराज कश्यप के रूप में हुई है, जिन्हें एस्प्लेनेड कोर्ट से ले जाया गया। कोर्ट ने आरोपी गुरमेल सिंह को 21 अक्टूबर तक मुंबई क्राइम ब्रांच की हिरासत में भेज दिया। वहीं दूसरे आरोपी धर्मराज कश्यप को पुलिस हिरासत में नहीं दी गई। कोर्ट ने दूसरे आरोपी को ऑसिफिकेशन टेस्ट कराने के बाद फिर से पेश करने का निर्देश दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार रविवार को दोनों आरोपियों को एस्प्लेनेड कोर्ट में पेश किया गया था। कोर्ट ने आरोपी गुरमेल सिंह को 21 अक्टूबर तक मुंबई क्राइम ब्रांच की हिरासत में भेज दिया है। वहीं दूसरे आरोपी को धर्मराज कश्यप का ऑसिफिकेशन टेस्ट कराने के बाद फिर से पेश करने का निर्देश दिया है। बता दें कि धर्मराज ने कोर्ट में खुद को नाबालिग बताया है।

क्या बोले आरोपियों के वकील?

आरोपियों के वकील सिद्धार्थ अग्रवाल ने कहा कि 'पुलिस ने आज आरोपियों को कोर्ट में पेश किया। हमने इस पर आपत्ति जताई और जो भी आधार हम दे सकते थे, कोर्ट को दिए। कोर्ट ने उन सभी आधारों पर विचार किया और एक आरोपी को 21 अक्टूबर तक हिरासत में दिया गया है। और दूसरे आरोपी को ऑसिफिकेशन टेस्ट के बाद फिर से पेश किया जाए। पुलिस ने 14 दिन की हिरासत मांगी थी लेकिन कोर्ट ने 7 दिन की हिरासत दी है। अगर कोर्ट को लगता है कि आगे की जांच जरूरी है, तो वह आगे की हिरासत दे सकती है।

क्या है ऑसिफिकेशन टेस्ट : ऑसिफिकेशन टेस्ट एक चिकित्सा प्रक्रिया है जो किसी व्यक्ति की हड्डियों के संलयन की डिग्री का विश्लेषण करके उसकी उम्र का अनुमान लगाती है। यह उम्र निर्धारित करने का एक प्रचलित तरीका है। इसी प्रकिया के माध्यम से दूसरे आरोपी धर्मराज कश्यप की उम्र का पता लगाया जाएगा।

बाबा सिद्दीकी मर्डर केस में चौथे आरोपी की हुई पहचान

दोपहर संवाददाता । मुंबई

अजित के नेतृत्व वाली एनसीपी के नेता बाबा सिद्दीकी की दशहरे के दिन 12 अक्टूबर को गोली मारकर हत्या कर दी गई है। बाबा सिद्दीकी पर बांद्रा ईस्ट में उनके विधायक बेटे जीशान सिद्दीकी के ऑफिस के बाहर अज्ञात हमलावरों ने 6 राउंड फायरिंग की है। इस दौरान एक गोली बाबा सिद्दीकी के सीने में लग गई। इसी के कारण बाबा सिद्दीकी की मौत हो गई।

इस मामले में मुंबई पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पूछताछ जारी है। बाबा सिद्दीकी पर तीन आरोपियों ने फायरिंग की थी। लेकिन इस मामले में चार लोगों के शामिल होने का शक जताया जा रहा था। मुंबई पुलिस ने चौथे आरोपी की पहचान कर ली है। मुंबई पुलिस ने बताया कि चौथे आरोपी का नाम मोहम्मद जीशान अख्तर है।

पुलिस ने गिरफ्तार किए दोनों आरोपियों से लंबी पूछताछ की है। पूछताछ में

कई खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है। मुंबई क्राइम ब्रांच ने आरोपियों से पूछताछ के बाद चौथे आरोपी के नाम का खुलासा किया है। अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP) के नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या पर पुलिस प्रथम दृष्टया इसे एक पूर्व नियोजित साजिश के तहत हत्या किए जाने का संदेह बता रही है। पुलिस ने कहा कि अपराध शाखा ने बाबा सिद्दीकी की हत्या की विभिन्न पहलुओं से जांच शुरू कर दी है जिसमें सुपारी लेकर हत्या, कारोबारी प्रतिद्वंद्विता या एक बस्ती की पुनर्वास परियोजना को लेकर मिली धमकी के पहलू भी शामिल हैं।

8 घंटे चली पूछताछ

मुंबई पुलिस ने यह भी बताया कि मुंबई क्राइम ब्रांच के वरिष्ठ अधिकारी गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रहे हैं। आरोपियों को इस काम के लिए पहले से पैसे मिले थे। उन्हें कुछ दिन पहले ही हथियारों की डिलीवरी मिली थी। मुंबई क्राइम ब्रांच के अधिकारियों ने पिछले 8 घंटों से आरोपियों से पूछताछ की है।

बांद्रा टर्मिनस से लालकुआं के बीच साप्ताहिक ट्रेन की शुरुआत

मुंबई। भारतीय रेल ने देश के उत्तरी हिस्से के साथ कनेक्टिविटी बढ़ाने वाली एक नई साप्ताहिक ट्रेन सेवा की शुरुआत करके मुंबईकरों को इस त्योहारी सीजन में प्रसन्नता का एक और अवसर प्रदान किया है। केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास आठवले और विधायक आशीष शेलार ने 13 अक्टूबर 2024 को बांद्रा टर्मिनस रेलवे स्टेशन से बांद्रा टर्मिनस-लालकुआं एक्सप्रेस के उद्घाटक सेवा को हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर मुंबई सेंट्रल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक नीरज वर्मा भी मौजूद थे, जिन्होंने गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ट्रेन संख्या 09015 बांद्रा टर्मिनस-लालकुआं सुपरफास्ट स्पेशल के रूप में परिचालित उद्घाटक ट्रेन बांद्रा टर्मिनस से 16:20 बजे रवाना होकर अगले दिन 19:45 बजे लालकुआं पहुंचेगी। यह ट्रेन मार्ग में बोरीवली, वापी, सूरत, वडोदरा, रतलाम, कोटा, सवाई माधोपुर, भरतपुर, मथुरा जं., हज़रत निज़ामुद्दीन, गाजियाबाद, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर और रुद्रपुर सिटी स्टेशनों पर रुकेगी। अपने नियमित सेवा तौर पर यह ट्रेन ट्रेन संख्या 22543/22544 बांद्रा टर्मिनस-लालकुआँ एक्सप्रेस के रूप में चलाई जाएगी। यह ट्रेन मुंबई के व्यस्त पश्चिमी उपनगरों और एक खूबसूरत राज्य उत्तराखंड के बीच रेल यात्रा को काफी बेहतर बनाने के लिए तैयार है, जिससे यात्रियों के लिए धार्मिक और पर्यटन स्थलों तक पहुंचना आसान हो जाएगा। इस सेवा से आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है, विशेष रूप से मार्ग के साथ स्थानीय व्यवसायों, पर्यटन और व्यापार को भी लाभ होगा। यह ट्रेन कनेक्टिविटी बढ़ाने और खासकर त्योहारी सीजन के दौरान यात्रियों को सुविधा प्रदान करने के लिए भारतीय रेल की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

मुंबादेवी-महालक्ष्मी मंदिर कॉरिडोर का भूमिपूजन

200 करोड़ की लागत से महाकाल की तर्ज पर होगा निर्माण

दोपहर संवाददाता । मुंबई

मुंबई के प्रसिद्ध महालक्ष्मी और मां मुंबादेवी मंदिर क्षेत्र का विकास उज्जैन के महाकाल मंदिर की तर्ज पर किया जाएगा। बीएमसी प्रशासन ने इस काम के लिए ठेकेदार का चयन कर लिया है। रविवार को महालक्ष्मी और मुंबादेवी मंदिर कॉरिडोर के काम का भूमिपूजन किया गया। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, पालकमंत्री दीपक केसरकर के निर्देशानुसार पुर्व मंत्री राज के. पुरोहित ने मुंबादेवी मंदिर परिसर में मंदिर नवीनीकरण एवं कॉरिडोर निर्माण का विधिवत पुजा अर्चना कर हर्षोल्लास के साथ भूमिपूजन किया। इस दौरान महाराष्ट्र सरकार प्रशासन एवं बीएमसी प्रशासन के अधिकारी भी मौजूद रहे। मुंबादेवी मंदिर में कॉरिडोर निर्माण के लिए 200 करोड़ रुपए की निधि महाराष्ट्र सरकार ने उपलब्ध करवाई है। राज पुरोहित के अथक प्रयासों एवं संघर्ष से निर्माण कार्य आरंभ होने जा रहा है। महालक्ष्मी मंदिर के लिए 25 करोड़ से ज्यादा धनराशि खर्च की जाएगी।

ऐसे होगा महालक्ष्मी मंदिर क्षेत्र का विकास

महालक्ष्मी मंदिर क्षेत्र में 22 स्टॉल हैं। इन स्टॉलों को पुनर्व्यवस्थित करने से क्षेत्र में भीड़भाड़ कम होगी। महालक्ष्मी मंदिर में नया प्रवेश द्वार होगा। मंदिर क्षेत्र में फुटपाथों को बेहतर बनाया जाएगा, ताकि पैदल यात्री आसानी से चल सके। बिजली के खंभे, आकर्षक विद्युत प्रकाश व्यवस्था और बैठने के लिए स्ट्रीट फर्नीचर लगाए जाएंगे। सड़कों और मार्गों की जानकारी देने वाले बोर्ड लगाए जाएंगे। इलाके में ज्यादा से ज्यादा हरित क्षेत्र विकसित किया जाएगा।

मुंबा देवी क्षेत्र होगा अतिक्रमण मुक्त

मुंबा देवी क्षेत्र घनी आबादी वाला है। बड़ी संख्या में पार्किंग, रेहड़ी-पटरी और दुकानों के कारण मंदिर तक जाने वाली सड़कें संकरी हो गई हैं। इससे भारी ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ता है। मुंबा देवी क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा। इसमें मुंबा देवी मंदिर प्रशासन के अधिकार क्षेत्र में आने वाले फूल विक्रेताओं के लिए स्टॉल, बैठने की व्यवस्था, हवन मंडप, पूजा के लिए अलग स्थान आदि जैसी सुविधाएं शामिल होंगी। मुंबादेवी मंदिर क्षेत्र को विकसित करने के लिए एक वास्तुकार की भी नियुक्ति की गई है।

एक ही ठेकेदार करेगा दोनों मंदिरों का काम

बीएमसी प्रशासन ने एक ही ठेकेदार को दोनों मंदिरों का काम देने का निर्णय लिया है। छह महीने में इस क्षेत्र का विकास किया जाएगा। मंदिर क्षेत्र की ओर जाने वाली सड़कों का चौड़ीकरण, पार्किंग सुविधाएं, आधुनिक शौचालय आदि कार्य किए जाएंगे। महालक्ष्मी और मुंबा देवी मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। हालांकि श्रद्धालुओं को भीड़भाड़ वाली सड़कों, ट्रैफिक जाम, संकरी सड़कों, अनधिकृत पार्किंग आदि का सामना करना पड़ता है। भक्तों के लिए दर्शन को आसान बनाने के उद्देश्य से बीएमसी ने राज्य सरकार की मदद से मंदिर परिसर को विकसित करने के लिए एक विशेष परियोजना शुरू करने की योजना बनाई है। मंदिर क्षेत्र बीएमसी के अधिकार क्षेत्र में आता है, इसलिए इसके विकास का कार्य बीएमसी द्वारा किया जाएगा।

बीएमसी अधिकारियों के अनुसार राज्य सरकार ने मार्च में मंदिर परिसर के विकास के लिए धनराशि भी स्वीकृत कर दी है। इस प्रोजेक्ट के लिए सिर्फ एक कंपनी ने टेंडर डाला था।

भिवंडी निजामपूर शहर महानगरपालिका, भिवंडी
बांधकाम विभाग, प्र.स.क्रं.1

ई- निविदा सुचना क्रमांक 112 सन 2024-2025

मा. रईस कासम शेख, यांच्या मा आमदारांचा स्थानिक विकास कार्यक्रम निधी 2024-2025

भिवंडी निजामपुर शहर महानगरपालिकेच्या बांधकाम विभागामार्फत खालील नमुद कामाचे निविदा फॉर्म दिनांक 14/10/2024 ते दि. 21/10/2024 पर्यंत विक्रीस उपलब्ध आहे.

अ.क्र.	कामाचे नाव	अंदाजपत्रकीय रक्कम	निविदापत्राची किंमत (रु.)
1	भिवंडी पूव विधानसभा मतदार संघातील भिवंडी निजामपुर शहर महानगरपालिका प्रभाग क्रं.1 वॉर्ड क्र.11 मध्ये विविध ठिकाणी गटार पाथवेज व पेव्हरब्लॉक बसविणे.	9,99,445/-	2360/-
	वरील ऑनलाईन निविदा दि.21/10/2024 पर्यंत दुपारी 4.00 पर्यंत स्विकारण्यात येतील. तसेच सदरची निविदा ही दि. 22/10/2024 रोजी संध्या 4.01 अथवा कार्यालयीन कामकाजाच्या सोईप्रमाणे निविदा समिती समक्ष उघडण्यात येईल. अधिक माहिती महानगरपालिकेच्या mahatenders. gov. in या संकेतस्थळावरुन प्राप्त होऊ शकेल अथवा नविन शासकीय इमारतीमधील 5 व्या मजल्यावरील बांधकाम विभाग कार्यालयाशी संपर्क साधावा.		

हस्ता.
(सचिन नाईक)
प्र. शहर अभियंता
भिवंडी नि. शहर महानगरपालिका

संपादकीय

हरियाणा चुनाव के बाद कांग्रेस और इंडिया ब्लॉक

हरियाणा चुनाव में कांग्रेस को मिली अप्रत्याशित हार के कई तरह से विश्लेषण किए जा रहे हैं। कांग्रेस की आंतरिक गुटबाजी, आलाकमान के निर्देशों की परवाह न करके क्षत्रपों का मनमाना रवैया, भाजपा की रणनीति को समझने में चूक, दलित और जाट वोट बैंक का साथ न मिलना और इन सबके साथ एक अहम कारण इंडिया गठबंधन के दलों को साथ न लेकर चलने को भी कांग्रेस की हार का कारण बताया जा रहा है। कांग्रेस पर अहंकारी होने के आरोप कई विश्लेषक लगा रहे हैं। वैसे अगर परिणाम एक्जिट पोल के मुताबिक ही आते तो शायद इस तरह विश्लेषण में पलटी मारने की कला नहीं देखी जाती। क्योंकि स्वतंत्र पत्रकारिता करने वाले यू ट्यूब चैनलों के पत्रकार ही नहीं, सरकार समर्थक माने जाने वाले न्यूज चैनलों के एक्जिट पोल में भी कांग्रेस की जीत के अनुमान लग रहे थे। कांग्रेस तो अब भी यही मानती है कि ईवीएम में कोई गड़बड़ी की गई है, इसलिए उसे कई सीटों पर हार का सामना करना पड़ा। इस बात की शिकायत निर्वाचन आयोग से भी कांग्रेस ने की है, और नतीजों को अस्वीकार्य करार दिया है। निर्वाचन आयोग ने कांग्रेस के आरोपों को खारिज कर दिया है और गड़बड़ी की बात नहीं मानी है, लेकिन फिर भी शिकायत दर्ज हुई है, तो उस पर क्या कार्रवाई आयोग करता है, यह देखना होगा। हालांकि कांग्रेस के प्रदर्शन का विश्लेषण किया जाए तो आंकड़े दर्शाते हैं कि पार्टी की स्थिति में उत्तरोत्तर सुधार ही हुआ है। 2014 में कांग्रेस को केवल 15 सीटें मिली थीं और वोट शेयर 20.58 प्रतिशत था, वहीं 2019 में 16 सीटें बढ़ीं और कांग्रेस 31 के आंकड़े पर पहुंची, तब वोट शेयर 28.08 प्रतिशत रहा और इस बार के चुनाव में कांग्रेस की छह सीटें बढ़ीं तो उसे 37 सीटों पर जीत मिली और इस बार वोट शेयर 39.09 रहा। अर्थात कांग्रेस के वोट शेयर में 11.01 प्रतिशत का उछाल आया। इन आंकड़ों को देखकर कहा जा सकता है कि कांग्रेस की रणनीति तो शायद सही रही लेकिन उसे जमीन पर उतारने का जो काम स्थानीय कांग्रेस नेताओं को करना चाहिए था, उसमें वो नाकाम रहे। बहरहाल, नाकामी मिली है तो ठीकरा किसी न किसी के सिर फूटना है। ऐसे में कांग्रेस विरोधी लोगों को फिर राहुल गांधी ही नजर आ रहे हैं कि उनकी नेतृत्व क्षमता पर संदेह खड़ा करने का माहौल बनाया जाए। इसमें खुद प्रधानमंत्री मोदी भी पीछे नहीं हैं। हरियाणा की जीत को उन्होंने सीधे भारत के खिलाफ किसी संभावित अंतरराष्ट्रीय साजिश के विफल होने से जोड़ दिया। उन्होंने पूरी जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि कांग्रेस ऐसी साजिशों के साथ है, लेकिन हरियाणा की जनता ने उसे जवाब दे दिया है। हालांकि ऐसा कहते हुए श्री मोदी यह भूल गए कि जम्मू-कश्मीर की जनता ने कांग्रेस और नेकां गठबंधन पर मुहर लगाई है। नरेन्द्र मोदी ने तो कांग्रेस पर विभाजनकारी खेल करने का आरोप भी लगाया, साथ ही उसे परजीवी बताते हुए उसके सहयोगियों को आगाह किया कि कांग्रेस उनका लाभ ले लेगी और उन्हें खत्म कर देगी। सबसे पुरानी पार्टी होने के नाते हमेशा उम्मीदें कांग्रेस से ही रहेंगी, अब देखना ये है कि क्या कांग्रेस इन उम्मीदों पर पूरा उतर कर इंडिया गठबंधन को एकजुट रखने में सफल होगी। क्योंकि असली लड़ाई अब शुरु हुई है। लोकसभा चुनावों का यह उपसंहार अब क्या सियासत में नए अध्याय शुरु करेगा, यह देखना भी दिलचस्प होगा।

शख्सियत | हर दयाल

राष्ट्रवाद और शिक्षा का प्रतीक



हर दयाल एक प्रभावशाली भारतीय राष्ट्रवादी, शिक्षक और क्रांतिकारी थे, जिन्हें ब्रिटिश शासन से भारतीय स्वतंत्रता के लिए उनके समर्पण के लिए जाना जाता था। हर दयाल माथुर का जन्म 14 अक्टूबर 1884 को दिल्ली में एक हिंदू माथुर कायस्थ परिवार में हुआ था। दयाल एक प्रतिभाशाली छात्र थे, जिन्होंने छोटी उम्र से ही असाधारण बौद्धिक क्षमताएँ प्रदर्शित कीं। उन्होंने दिल्ली के प्रतिष्ठित सेंट स्टीफ़न कॉलेज में अपनी शिक्षा पूरी की, जहाँ उन्होंने स्नातक की डिग्री हासिल की। बाद में, वे ऑक्सफ़ोर्ड विश्वविद्यालय में अध्ययन करने के लिए इंग्लैंड चले गए।

हर दयाल की राजनीतिक जागृति इंग्लैंड में उनके समय के दौरान हुई, जहाँ वे विभिन्न क्रांतिकारी विचारों और आंदोलनों से प्रभावित हुए। वे ग़दर पार्टी में शामिल हो गए, जिसका उद्देश्य सशस्त्र संघर्ष के माध्यम से भारत में ब्रिटिश शासन को उखाड़ फेंकना था। दयाल का मानना था कि सच्ची आज़ादी केवल औपनिवेशिक शक्तियों के खिलाफ़ एकजुट प्रयास से ही हासिल की जा सकती है। उन्होंने उत्तरी अमेरिका और यूरोप में भारतीय प्रवासियों को संगठित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, उन्हें स्वतंत्रता की लड़ाई में शामिल होने के लिए प्रेरित किया।

दयाल के महत्वपूर्ण योगदानों में से एक शिक्षक और सुधारक के रूप में उनका काम था। वे सामाजिक परिवर्तन के प्रबल समर्थक थे, उन्होंने जनता को सशक्त बनाने में शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। उनका मानना था कि एक शिक्षित समाज उपनिवेशवाद की दमनकारी संरचनाओं को चुनौती दे सकता है। अपने लेखन में, उन्होंने अक्सर सामाजिक असमानताओं की आलोचना की और महिलाओं के अधिकारों और सामाजिक न्याय सहित प्रगतिशील विचारों को बढ़ावा दिया।

1914 में, दयाल को उनकी क्रांतिकारी गतिविधियों के लिए ब्रिटिश अधिकारियों ने गिरफ्तार कर लिया और बाद में उन्हें भारत निर्वासित कर दिया गया। कारावास सहित कई चुनौतियों का सामना करने के बावजूद, उन्होंने भारत की स्वतंत्रता के लिए अथक प्रयास जारी रखा। उनकी अथक भावना और समर्पण ने उन्हें अपने साथियों के बीच एक सम्मानित व्यक्ति बना दिया।

हर दयाल की विरासत भारतीय स्वतंत्रता के संघर्ष में साहस और दृढ़ संकल्प के प्रतीक के रूप में जीवित है। क्रांतिकारी आंदोलन में उनका योगदान और एक स्वतंत्र और समतापूर्ण समाज के लिए उनका दृष्टिकोण भारतीयों की पीढ़ियों को प्रेरित करता रहता है। 4 मार्च, 1939 को उनका निधन हो गया, लेकिन वे भारत की स्वतंत्रता की लड़ाई के इतिहास में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति बने हुए हैं।

महंगाई पर नियंत्रण रखने की चुनौती बढ़ी

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक की क्रेडिट पॉलिसी कमेटी बैठक में आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि पश्चिम एशिया संघर्ष से निर्मित वैश्विक संकट से भारत में महंगाई बढ़ने की जोखिम के मद्देनजर ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। ये लगातार 10वीं बार है जबकि रिजर्व बैंक ने रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया है। वैश्विक तेल की कीमतों में आए उछाल पर पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने कहा है कि पश्चिम एशिया में अधिक तनाव बढ़ने पर भारत कच्चे तेल के किसी भी संकट से निपटने में सक्षम होगा। पहले भारत 27 देशों से कच्चा तेल खरीदता था, अब इन देशों की संख्या बढ़कर 39 हो गई है।

इन दिनों ईरान और इस्राइल सहित पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष तथा रूस-यूक्रेन युद्ध के विस्तारित होने से भारत की आर्थिक चुनौतियां बढ़ गई हैं। ये चुनौतियां कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, शेयर बाजार में गिरावट, माल ढुलाई की लागत बढ़ने, खाद्य वस्तुओं की महंगाई, भारत से चाय, मशीनरी, इस्पात, रत्न, आभूषण तथा फुटवियर जैसे क्षेत्रों में निर्यात आदेशों में कमी, निर्यात के लिए बीमा लागत में वृद्धि तथा इस्राइल और ईरान के साथ द्विपक्षीय व्यापार में कमी के रूप में दिखाई दे रही हैं। स्थिति यह है कि वैश्विक शेयर बाजार के साथ-साथ भारत के शेयर बाजार पर भी असर पड़ना शुरू हुआ है। पश्चिम एशिया संकट और चीन से सरकारी प्रोत्साहन के दम पर बाजार चढ़ने के मद्देनजर भारत के शेयर बाजार में कुछ विदेशी निवेशकों द्वारा जोखिम वाली संपत्तियां बेची जा रही हैं और वे अपना कुछ निवेश निकाल रहे हैं। स्थिति यह है कि सेंसेक्स और निफ्टी के लिए अक्तूबर, 2024 का पहला सप्ताह 4.5 फीसदी के नुकसान के साथ दो साल की सबसे बड़ी गिरावट का सप्ताह रहा है। पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच निवेशक सुरक्षित निवेश के तौर पर सोने की खरीद का भी रुख कर रहे हैं। इससे भारत में भी सोने की खपत और सोने की कीमत बढ़ने लगी है।

अब यदि कच्चे तेल की कीमतें तेजी से बढ़ेंगी तो दुनियाभर में कई वस्तुओं के दाम बढ़ने के साथ-साथ भारत में भी कीमतें बढ़ने का सिलसिला शुरू हो सकता है। चूंकि ईरान दुनिया के सबसे बड़ा कच्चा तेल उत्पादकों में से एक है और यह देश पश्चिम एशिया के संवेदनशील इलाकों में स्थित है। ऐसे में ईरान के तेल बाजार में अस्थिरता से कच्चे तेल की कीमतें तेजी से बढ़ने पर पेट्रोल, डीजल और अन्य पेट्रोलियम उत्पाद महंगे होने लगेंगे। इसका असर 80 फीसदी आयात करने वाले भारत पर विशेष रूप से पड़ेगा।

आशंका है कि ईरान और इस्राइल के बीच संघर्ष का असर वैश्विक शिपिंग

रूट्स पर भी पड़ सकता है, खासकर होर्मुज जलडमरूमध्य पर। दुनिया को मिलने वाला करीब एक-तिहाई तेल और खाद्य व कृषि उत्पादों का अधिकांश यातायात इसी मार्ग से होता है। ऐसे में इस क्षेत्र में शिपिंग बाधित होने से ग्लोबल सप्लाई चैन प्रभावित हो सकती है। इससे खाद्य पदार्थों, जैसे कि गेहूं, चीनी और अन्य कृषि उत्पादों की कीमतें बढ़ने लगेंगी। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि ईरान और इस्राइल के बीच युद्ध का अप्रत्यक्ष प्रभाव भारतीय फार्मास्युटिकल उद्योग पर भी पड़ सकता है, क्योंकि भारत अभी भी ज्यादातर दवाओं के लिए कच्चे माल का बड़ा हिस्सा विदेश से आयात करता है। ऐसे में दवाओं की कीमतों में बढ़ोतरी की आशंका होगी।

इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि पश्चिम एशिया में युद्ध के बढ़ने पर बाजार में तेज गिरावट और महंगाई वृद्धि का दौर निर्मित होते हुए दिखाई दे सकता है। लेकिन भारत के कई ऐसे मजबूत आर्थिक पक्ष हैं जिनसे भारत के आम आदमी और भारतीय अर्थव्यवस्था को अधिक नुकसान नहीं हो सकेगा। इस समय भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। भारत खाद्यान्न अधिशेष वाला देश है और देश के 80 करोड़ से अधिक कमजोर वर्ग के लोगों को निःशुल्क खाद्यान्न वितरित किया जा रहा है। भारत पर दुनिया का आर्थिक विश्वास बना हुआ है। नवीनतम आंकड़ों के मुताबिक 27 सितंबर को भारत के पास रिकॉर्ड स्तर पर 704 अरब डॉलर से अधिक का विदेशी मुद्रा भंडार है, जिससे भारत किसी भी आर्थिक जोखिम का सरलतापूर्वक सामना करने में सक्षम है।

फिर भी भारत को महंगाई पर सतर्क निगाहें रखनी होंगी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा प्रकाशित आंकड़ों के मुताबिक खुदरा महंगाई दर अगस्त महीने में मामूली बढ़कर 3.65 प्रतिशत रही। यह आरबीआई द्वारा निर्धारित लक्ष्य के दायरे में है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रास्फीति जुलाई, 2024 में 3.6 प्रतिशत थी। अर्थव्यवस्था को मजूबती मिलते हुए दिखाई दी है।

अब सरकार को भी महंगाई नियंत्रण के लिए बहुआयामी रणनीति की डगर पर आगे बढ़ना होगा। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि वर्ष 2024-25 के बजट के तहत शीघ्र खराब होने वाले सामान की बाजार में समुचित आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

बजट के तहत उपभोक्ता मामलों के विभाग को दाम स्थिरीकरण कोष (पीएसएफ) के लिए 10,000 करोड़ रुपये दिए गए हैं। जहां इस कोष का उपयोग दाल, प्याज और आलू के बफर स्टॉक को रखने के लिए किया जाएगा। वहीं जरूरी होने पर इन अन्य खाद्य वस्तुओं के बढ़े दामों को नियंत्रित करने के लिए भी इस कोष का इस्तेमाल किया जा सकेगा। इसके अलावा खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग के लिए खाद्य भंडारण और वेयरहाउसिंग के लिए ऋणों की राशि दोगुनी करके 50,000 करोड़ रुपये सुनिश्चित की गई है। जो वैश्विक चुनौती के मुकाबलों में सहायक होगी।

जीवन मंत्र

निगेटिव विचारों को कैसे करें दूर, मन भी होगा शांत

जीवन का सबसे जरूरी पहलू ये हैं कि आप और मैं इस समय जीवित हैं। आप क्या सोच रहे हैं या मैं क्या सोच रहा हूं ये जरूरी नहीं है। हम इस समय जिंदा ये जरूरी है। अपने अंदर बुनियादी जीवंतता पर ध्यान लगाएं।

हमारे मन में अक्सर अच्छे बुरे ख्याल चलते रहते हैं। लेकिन क्या आप भी उन लोगों में से हैं जो बुरे विचारों को खत्म करके सिर्फ अच्छे विचारों को अपने दिमाग में रखना चाहते हैं? तो आपको सद्गुरू की इस बात को मान लेना चाहिए।

कुछ लोग अपने दिमाग से निगेटिव विचारों को हटाकर सिर्फ पॉजिटिव विचारों पर ध्यान देने की कोशिश करते हैं। हालांकि, सदगुरू का कहना है जब आप किसी चीज को जबरदस्ती करने की कोशिश करते हैं तो आप उसके बारे में कई गुणा ज्यादा सोचने लगते हैं। सदगुरु कहते हैं कि आप जिस चीज को अपनी लाइफ से मिटाना चाहते हैं वह आपकी क्वालिटी बन सकता है और आप फिर हमेशा उसके ही बारे में सोचेंगे।

सद्गुरु का मानना है कि अगर आप दिमाग से किसी भी चीज को निकालने की कोशिश करते हैं तो सबसे पहले दिमाग के काम करने के तरीके को समझें। उनका कहना है कि हमारे दिमाग में घटाने या फिर भाग करने जैसा कुछ नहीं है बल्कि सिर्फ जोड़ना और गुणा करना है। जब आप कुछ करने का सोचते हैं तो ये आपसे काम को एक बार और करने को कहेगा। अगर आप कड़ी



मेहनत करेंगे तो यह और भी ज्यादा हो जाएगा। इस तरह के दिमाग के साथ आप ये नहीं पहचान पाएंगे की क्या निगेटिव है और क्या पॉजिटिव। इसके लिए आपको ये समझना होगा की ये दिमाग आपकी सेवा में है।

सद्गुरु कहते हैं कि जब आप अपनी आंखें बंद करते हैं तो आप खुद को नहीं देख सकते हैं लेकिन इसका मतलब ये नहीं की आपका अस्तित्व खो नहीं जाता है। अपने भावनाओं और विचारों से परे भी आप मौजूद हैं। तो जो जीवन आप हैं उसका अनुभव करने की जरूरत है। वह कहते हैं कि जीवन का सबसे जरूरी पहलू ये हैं कि आप और मैं इस समय जीवित हैं। आप क्या सोच रहे हैं या मैं क्या सोच रहा हूं ये जरूरी नहीं है। हम इस समय जिंदा ये जरूरी है। अपने अंदर बुनियादी जीवंतता पर ध्यान लगाएं। तब आप देखेंगे कि आप और आपके विचार प्रक्रिया के बीच एक दूरी आ गई है। सद्गुरू कहते हैं कि अपने मानसिक और शारीरिक प्रक्रिया से दुरी बना लेना ही कष्टों का अंत है। सद्गुरू कहते हैं कि जो सोचते हैं कि मैं बुरे विचार हटाकर सिर्फ अच्छे विचार रखूंगा, तो ऐसा नहीं हो सकता। क्योंकि किसी भी विचार को हटाया नहीं जा सकता है। बस कुछ समय के लिए टाला जा सकता है। जब बुरे विचार आते हैं तो भगवान का नाम जपने से आप इससे बच सकते हैं लेकिन रोक नहीं सकते हैं। ये विचार आपके साथ ही रहेंगे और आपके सपने तक में दिख सकते हैं।

जीवन ऊर्जा | ड्वाइट डी. आइजनहावर : जन्म 14 अक्टूबर, 1890 | जन्म

जीतने का एकमात्र तरीका लड़ाई लड़ना है

ड्वाइट डी. आइजनहावर संयुक्त राज्य अमेरिका के 34वें राष्ट्रपति (1953-1961) थे और द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अमेरिकी सेना में पांच सितारा जनरल थे। उन्होंने यूरोप पर मित्र राष्ट्रों के आक्रमण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अपने राष्ट्रपति पद के दौरान शांति, नागरिक अधिकारों और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए जाने जाते हैं। ड्वाइट डी. आइजनहावर का जन्म 14 अक्टूबर, 1890 को हुआ था और उनका निधन 28 मार्च, 1969 को हुआ था।

नेतृत्व के लिए सर्वोच्च गुण निस्संदेह ईमानदारी है। नेता बनने के लिए, एक व्यक्ति के पास अनुयायी होने चाहिए। नेतृत्व किसी व्यक्ति से वह काम करवाने की कला है जो आप चाहते हैं क्योंकि वह ऐसा करना चाहता है। जीतने का एकमात्र तरीका लड़ाई लड़ना है। हमें स्वतंत्रता के लिए कीमत चुकाने के लिए तैयार रहना चाहिए। योजनाएं कुछ नहीं हैं; योजना बनाना ही सब कुछ है। स्वतंत्र लोगों का इतिहास वास्तव में कभी संयोग से नहीं लिखा जाता है, बल्कि उनकी पसंद से लिखा जाता है। आप लोगों के सिर पर वार करके नेतृत्व नहीं करते हैं - यह हमला है, नेतृत्व नहीं। इस राष्ट्र का भविष्य एक उपहार नहीं है; यह एक जिम्मेदारी है। केवल स्वतंत्रता में हमारा व्यक्तिगत विश्वास ही हमें स्वतंत्र रख सकता है। जो लोग अपने सिद्धांतों से

ऊपर अपने विशेषाधिकारों को महत्व देते हैं, वे जल्द ही दोनों को खो देते हैं। हर बंदूक जो बनाई जाती है, हर युद्धपोत लॉन्च किया जाता है, हर रॉकेट दागा जाता है, अंतिम अर्थ में उन लोगों से चोरी का संकेत देता है जो भूखे हैं और उन्हें खाना नहीं मिलता है, जो ठंड से पीड़ित हैं और उन्हें कपड़े नहीं मिलते हैं। अत्यधिक स्वार्थ के खतरे बहुत बड़े हैं। हर बार जब हम अपने डर का सामना करते हैं, तो हमें ताकत, साहस और काम करने का आत्मविश्वास मिलता है। दुनिया बुरे लोगों की वजह से खतरे में नहीं है, बल्कि अच्छे लोगों की वजह से है जो खुलकर नहीं बोलते। जीवन का सबसे बड़ा उपहार दोस्ती है, और मुझे यह मिला है। चीजें आज पहले से कहीं ज्यादा वैसी हैं जैसी पहले थीं। अगर आप गर्मी बर्दाश्त नहीं कर सकते, तो रसोई से बाहर निकल जाएं। नेतृत्व की चुनौती मज़बूत होना है, लेकिन असभ्य नहीं; दयालु होना है, लेकिन कमज़ोर नहीं; साहसी होना है, लेकिन बदमाश नहीं; विचारशील होना है, लेकिन आलसी नहीं; विनम्र होना है, लेकिन डरपोक नहीं; गर्व होना है, लेकिन अभिमानी नहीं; हास्य होना है, लेकिन मूर्खता नहीं।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश

रोग और निरोगता का मूल रहस्य

विद्यार्थी अध्ययन कक्ष में अपने इष्टदेव या गुरुदेव का श्रीविग्रह अथवा स्वस्तिक या ॐकार का चित्र रखें तथा नियमित अध्ययन से पूर्व उसे १०-१५ मिनट अपनी आँखों की सीध में रखकर पलकें गिराये बिना एकटक देखें अर्थात त्राटक करें इससे पढ़ाई में आशातीत लाभ होता हैं ।

रोग का और निरोगता का मूल रहस्य

जो भोगी होता है वह रोगी अवश्य होता है यह नियम है । जो साधन सामग्री है उसके द्वारा साधक किसी प्रकार के सुख की आसक्ति में बँधे नहीं इसी कारण प्यारे परमात्मा रोग के स्वरूप में प्रकट होते हैं पर साधक यह रहस्य जान नहीं पाता कि मेरे ही प्यारे रोग के वेश में आये हैं ।

शारीरिक बल का आश्रय तोड़ने के लिए रोग आया है उससे डरो मत अपितु उसका सदुपयोग करो रोग का सदुपयोग देह की वास्तविकता का अनुभव कर उससे असंग हो जाना है। चित्त में प्रसन्नतामन

में निर्विकल्पता ज्यों-ज्यों सबल तथा स्थायी होती जायेगी त्यों-त्यों स्वतः आरोग्यता आती जायेगी, इसमें लेशमात्र भी संदेह नहीं है। निश्चितता तथा निर्भयता आने से प्राणशक्ति सबल होती है। जो रोग मिटाने में समर्थ है। उसके लिए हरि आश्रय तथा विश्राम विश्रांतिही अचूक उपाय है

शरीर का पूर्ण स्वस्थ होना शरीर के स्वभाव से विपरीत है जिस प्रकार दिन और रात दोनों ही काल की सुंदरता होती है उसी प्रकार रोग और आरोग्यता दोनों से ही शरीर की वास्तविकता प्रकाशित होती है

जो रोग औषधि से ठीक नहीं होता उसका कारण अदृष्ट भाग्यपूर्व के कर्मों का फल की मलिनता होती है अदृष्ट की मलिनता शुभ कर्म आदि से दूर होती है औषधि से नहीं। रोग निवृत्ति का एक सर्वोत्तम उपाय यह भी है कि यदि रोगी रोगीभाव का सद्भाव अपने में से निकाल दे तो फिर रोग बेचारा निर्जीव हो जाता है क्योंकि मैकी सत्ता से सभी सत्ताएँ प्रकाशित होती हैं सद्भाव से प्रतीति में सत्यता आ जाती है जो दुःख का मूल है

रोग यही है कि मैं रोगी हूँ औषधि यही है कि मैं सर्वदा निरोग हूँमैं साक्षात् आरोग्य हूँ आरोग्यता से अपनी जातीय एकता है यदि एक बार भी अपनी पूरी शक्ति से यह आवाज लगा दो कि मैं निरोग हूँमैं ही आरोग्य हूँ' तो रोग भाग जायेगा। मन में स्थिरता चित्त में प्रसन्नता और हृदय में निर्भयता ज्यों-ज्यों बढ़ती जायेगी त्यों-त्यों आरोग्यता स्वतः आती जायेगी कारण कि मन तथा प्राण का घनिष्ठ संबंध है।

अतः मन के स्वस्थ होने से शरीर भी स्वस्थ हो जाता है। रोग से अशुभ कर्म के फल का अंत होता है और तप से अशुभ कर्म का अंत होता है जिस प्रकार तपस्वी को तप के अंत में शांति मिलती है । उसी प्रकार रोगी को भी रोग के अंत में शांति मिलती है।

पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

प्रेरक प्रसंग

एक रोटी

तीन व्यक्ति एक सिद्ध गुरु से दीक्षा प्राप्त कर वापस लौट रहे थे । गुरु जी ने उन्हें आध्यात्मिक ज्ञान के साथ – साथ व्यवहारिक होने की भी सीख दी थी । तीनो तमाम ग्रंथो , पुराणों पर चर्चा करते आगे बढ़ते जा रहे थे । बहुत समय चलने के बाद उन्हें एहसास हुआ कि अब उन्हें कहीं विश्राम करना चाहिए और रात गुजार कर ही आगे बढ़ना चाहिए। वे एक जगह रुके और खाने की पोटली खोली पर दुर्भाग्यवश उसमे एक ही रोटी बची थी । तीनो ने सोचा कि इसे बाँट कर खाने से किसी की भूख नहीं मिटेगी अच्छा होगा कि कोई एक ही इसे खा ले । पर वो एक व्यक्ति कौन हो ये कैसे पता चले ? चूँकि वे आध्यात्मिक अनुभव कर लौट रहे थे इसलिए तीनो ने तय किया कि इसका निर्णय वे भगवान पर छोड़ देंगे भगवान ही कुछ ऐसा इशारा करेंगे कि समझ में आ जायेगा कि रोटी किसे कहानी चाहिए । और ऐसा सोच कर वे तीनो लेट गए , थके होने के कारण जल्द ही सबकी आँख लग गयी । जब अगली सुबह वे उठे तो पहले व्यक्ति ने कहा , "कल रात मेरे सपने में एक देवदूत आये , वे मुझे स्वर्ग की सैर पर ले गए सचमुच इससे पहले मैंने कभी ऐसे दृश्य नहीं देखे थे असीम शांति , असीम सौंदर्य मैंने हर जगह देखी और जब मैं भ्रमण के अंतिम चरण में था तो सफ़ेद वस्त्र पहने एक महात्मा ने मुझसे कहा " पुत्र ये रोटी लो इसे प्रसाद समझो और अपनी भूख मिटाओ " पहले व्यक्ति ने अपनी बात खत्म ही की थी कि दूसरा वयक्ति बोला , कितनी अजीब बात है , मैंने भी बिलकुल ऐसा ही सपना देखा , और अंत में एक महात्मा ने मुझे स्पष्ट निर्देश दिए कि मैंने जीवन भर लोगों का भला किया है इसलिए रोटी पर मेरा ही हक़ बनता है । उन दोनों की बातें सुन तीसरा व्यक्ति चुप-चाप बैठा था । "तुमने क्या सपना देखा ?" , पहले व्यक्ति ने पुछा, मेरे सपने में कुछ भी नहीं था , मैं कहीं नहीं गया , और न ही मुझे कोई महात्मा दिखे । लेकिन रात में जब एक बार मेरी नींद टूटी तो मैंने उठकर रोटी खा ली । " अरे तुमने ये क्या किया । ऐसा करने से पहले तुमने हमें बताया क्यों नहीं " बाकी दोनों ने गुस्से से पुछा । " कैसे बताता , तुम दोनों अपने -अपने सपनो में इतने दूर जो चले गए थे ।", तीसरे व्यक्ति ने कहा । और कल ही तो गुरु जी ने हमें बताया था कि आध्यात्मिक ज्ञान के साथ साथ व्यवहारिक ज्ञान का महत्त्व समझना चाहिए । मेरे मामले में भगवान ने जल्द ही मुझे संकेत दे दिया की भूखों मरने से अच्छा है कि रोटी खा ली जाए और मैंने वही किया ।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रियल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

कब है करवा चौथ?

जानें पूजा का मुहूर्त, दिन व पूजा विधि

सनातन धर्म में सुहागिनों द्वारा रखे जाने वाला करवा चौथ का व्रत बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। इसे आमतौर पर शादी-शुदा महिलाएं मनाती हैं। पति की सालमती के लिए इस दिन निर्जल व्रत रखा जाता है। शाम के टाइम चंद्रोदय होने के बाद चंद्रमा के दर्शन कर व्रत का पारण किया जाता है। पंडित जी से जानें इस साल करवा चौथ का व्रत किस दिन रखा जाएगा, पूजन सामग्री, मुहूर्त व पूजा की विधि-

कब है करवा चौथ

इस साल यह पर्व 20 अक्टूबर को रखा जाएगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, महिलाएं इस दिन कठिन व्रत का पालन करती हैं और विधिवत पूजा-अर्चना करती हैं। ऐसा कहा जाता है कि इस व्रत को रखने से पति को लंबी उम्र और सुरक्षा प्राप्त होती है। साथ ही घर में समृद्धि आती है।

पूजा का मुहूर्त

चतुर्थी तिथि प्रारम्भ - अक्टूबर 20, 2024 को 06:46 बजे
चतुर्थी तिथि समाप्त - अक्टूबर 21, 2024 को 04:16 बजे
करवा चौथ व्रत समय - सुबह 06:25 से शाम 19:54
अवधि - 13 घण्टे 29 मिनट्स
करवा चौथ पूजा मुहूर्त- शाम 05:46 बजे से शाम 07:02 बजे तक
अवधि - 01 घण्टा 16 मिनट्स
करवा चौथ के दिन चन्द्रोदय का समय- शाम 07:54 बजे

पूजा का मुहूर्त

चतुर्थी तिथि प्रारम्भ - अक्टूबर 20, 2024 को 06:46 बजे
चतुर्थी तिथि समाप्त - अक्टूबर 21, 2024 को 04:16 बजे
करवा चौथ व्रत समय - सुबह 06:25 से शाम19:54
अवधि - 13 घण्टे 29 मिनट्स
करवा चौथ पूजा मुहूर्त- शाम 05:46 बजे से शाम 07:02 बजे तक
अवधि - 01 घण्टा 16 मिनट्स
करवा चौथ के दिन चन्द्रोदय का समय- शाम 07:54 बजे।

करवा चौथ पूजा सामग्रीःमिट्टी या तांबे का करवा और ढक्कन, पान, सींक, कलश, अक्षत, चंदन, फल, पीली मिट्टी, फूल, हल्दी, लकड़ी का आसान, देसी घी,कच्चा, दूध, दही, शहद, शक्कर का बूरा, रोली, मौली, मिठाई, चलनी या चलनी आदि।

करवा चौथ पूजा-विधि

1. ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान कर लें
2. मंदिर और घर की साफ-सफाई करें
3. सभी देवी-देवताओं की विधि-विधान पूजा करें
4. करवा चौथ व्रत रखने का संकल्प लें
5. संध्या के समय शुभ मुहूर्त में करवा चौथ की व्रत कथा का पाठ करें
6. फिर चंद्रमा की पूजा करें
7. चंद्र दर्शन करने के बाद अर्घ्य दें
8. पति को छलनी से देखकर आरती उतारें
9. फिर पति द्वारा पत्नी को पानी पिलाकर व्रत पारण किया जाता है।

कब है करवा चौथ?

इस साल यह पर्व 20 अक्टूबर को रखा जाएगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, महिलाएं इस दिन कठिन व्रत का पालन करती हैं और विधिवत पूजा-अर्चना करती हैं। ऐसा कहा जाता है कि इस व्रत को रखने से पति को लंबी उम्र और सुरक्षा प्राप्त होती है। साथ ही घर में समृद्धि आती है।

घर में इस दिशा में पंचमुखी हनुमान की प्रतिमा लगाने से मिलेंगे शुभ फल

हिंदू धर्म में मंगलवार का दिन हनुमान जी को समर्पित है। हनुमान जी को श्रीराम का अनन्य भक्त माना जाता है। साथ ही हनुमान जी को कलियुग का देवता भी कहा जाता है। धार्मिक मान्यता है कि जो भी भक्त सच्चे मन से हनुमान जी की पूजा-अर्चना करता है, उसकी सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। खासतौर पर मंगलवार के दिन भक्त हनुमान जी की विधिपूर्वक पूजा करते हैं। बता दें कि पंचमुखी हनुमान जी का भी अधिक महत्व है।

आपने भी कई मंदिरों में पंचमुखी हनुमान जी के दर्शन किए होंगे। कई बार लोग पंचमुखी हनुमान जी की तस्वीर को घर में लगा लेते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि पंचमुखी हनुमान जी की तस्वीर किस दिशा में लगाना चाहिए। वहीं यदि आप सही दिशा में पंचमुखी हनुमान जी की प्रतिमा लगाते हैं, तो कुंडली में मौजूद सभी दोषों से छुटकारा मिल जाता है। तो आइए जानते हैं कि पंचमुखी हनुमान जी की तस्वीर किस दिशा में लगाना शुभ माना जाता है।

पूर्व दिशा में लगाएं पंचमुखी हनुमान जी की तस्वीर

पूर्व दिशा को भगवान सूर्यदेव की दिशा माना जाता है। सूर्य देव अंधकार को हटाकर उजाला प्रदान करते हैं। वहीं हनुमान जी को भक्तों को बल, बुद्ध और भक्ति प्रतीक माना जाता है। ऐसे में पूर्व दिशा में पंचमुखी हनुमान जी की तस्वीर लगाने से सूर्य देव की किरणों से मिलने वाली सकारात्मक ऊर्जा तस्वीर की वजह से कई गुना बढ़ जाती है। इससे व्यक्ति के घर में हमेशा सुख-शांति और समृद्धि बनी रहती है।

उत्तर-पूर्व दिशा में लगाएं हनुमान जी की तस्वीर

अगर आप संकट में घिर गए हैं या फिर किसी बड़ी परेशानी में पड़ गए हैं, तो आपको हनुमान जी की आराधना करनी चाहिए। इससे आपको संकट से छुटकारा मिलेगा। वहीं आप अपने घर की उत्तर-पूर्व दिशा में हनुमान जी की तस्वीर लगाते हैं, तो आपको इसका भरपूर लाभ मिलता है। बता दें कि हनुमान जी को संकट मोचन भी कहा जाता है। ऐसे में पूर्व दिशा या उत्तर पूर्व दिशा में हनुमान जी की तस्वीर लगाते हैं, तो आपको परेशानियों से छुटकारा मिलता है और शत्रुओं का नाश होता है। ऐसे में आप भी इन दिशा में पंचमुखी हनुमान जी की तस्वीर लगा सकते हैं।

रोजाना शिव स्त्रोत का पाठ करने से मिलेगी सभी कार्यों में सफलता

हर साल आश्विन माह के कृष्ण और शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि को प्रदोष व्रत किया जाता है। प्रदोष व्रत भगवान शिव और मां पार्वती को समर्पित होता है। इस दिन भगवान शिव और मां पार्वती की विधि-विधान से पूजा की जाती है। साथ ही सुख-समृद्धि की भगवान शिव से कामना की जाती है। ऐसा करने से व्यक्ति के जीवन में आने वाली परेशानियों का अंत होता है और व्यक्ति पर मां पार्वती और भगवान शिव की कृपा होती है। वैसे तो हर दिन भगवान शिव की पूजा-अर्चना की जाती है। लेकिन भगवान शिव को प्रसन्न करने और उनकी कृपा पाने के लिए सच्चे मन से शिव मृत्युञ्जय स्तोत्र का पाठ करना चाहिए। इससे व्यक्ति को सभी कार्यों में सफलता मिलती है।

॥ शिव मृत्युञ्जय स्तोत्रम् ॥

रत्नसानुशरासनं रजताद्रिश्रृंगनिकेतनं।
शिञ्जिनीकृतपन्नगेश्वरमच्युतानलसायकम्।।
क्षिप्रदग्धपुरत्रयं त्रिदशालयैरभिवंदितं।
चन्द्रशेखरमाश्रये मम किं करिष्यति वै यमः॥
पंचपादपपुष्पगन्धिपदाम्बुजद्वयशोभितं।
भाललोचनजातपावकदग्धमन्मथविग्रहम्।।
भस्मदिग्धकलेवरं भवनाशिनं भवमव्ययं।
चन्द्रशेखरमाश्रये मम किं करिष्यति वै यमः॥
मत्तवारणमुख्यचर्मकृतोत्तरीयमनोहरं
पंकजासनपद्मलोचनपूजितांगघ्रिसरोरुहम्।।
देवसिद्धतरंगिणी करसिक्तशीतजटाधरं।
चन्द्रशेखरमाश्रये मम किं करिष्यति वै यमः॥
कुण्डलीकृतकुण्डलीश्वरकुण्डलं वृषवाहनं।
नारदादिमुनीश्वरस्तुतवैभवं भुवनेश्वरम्।।
अंधकान्तकमाश्रितामरपादपं शमनान्तकं।
चन्द्रशेखरमाश्रये मम किं करिष्यति वै यमः॥
यक्षराजसखं भगाक्षिहरं भुजंगविभूषणं।
शैलराजसुतापरिष्कृतचारुवामकलेवरम्।।
क्ष्वेडनीलगलं परश्वधधारिणं मृगधारिणं।
चन्द्रशेखरमाश्रये मम किं करिष्यति वै यमः॥
भेषजं भवरोगिणामखिलापदामपहारिणं।
दक्षयज्ञविनाशिनं त्रिगुणात्मकं त्रिविलोचनम्।।
भुक्तिमुक्तिफलप्रदं निखिलाघसंघनिबर्हणं।
चन्द्रशेखरमाश्रये मम किं करिष्यति वै यमः॥
भक्तवत्सलमर्चतां निधिमक्षयं हरिदम्बरं।
सर्वभूतपतिं परात्परमप्रमेयमनूपमम्।।
भूमिवारिनभोहुताशनसोमपालितस्वाकृतिं।
चन्द्रशेखरमाश्रये मम किं करिष्यति वै यमः॥
विश्वसृष्टिविधायिनं पुनरेव पालनतत्परं।
संहरन्तमथ प्रपंचमशेषलोकनिवासिनम्।
क्रीडयन्तमहर्निशं गणनाथयूथसमाव्रतं।
चन्द्रशेखरमाश्रये मम किं करिष्यति वै यमः॥
रुद्रं पशुपतिं स्थाणुं नीलकण्ठमुमापतिम्।
नमामि शिरसा देवं किं नो मृत्युः करिष्यति॥
कालकण्ठं कलामूर्तिं कालाग्निं कालनाशनम्।

नमामि शिरसा देवं किं नो मृत्युः करिष्यति॥
नीलकण्ठं विरुपाक्षं निर्मलं निरूपद्रवम्।
नमामि शिरसा देवं किं नो मृत्युः करिष्यति॥
वामदेवं महादेवं लोकनाथं जगद्गुरुम्।
नमामि शिरसा देवं किं नो मृत्युः करिष्यति॥
देवदेवं जगन्नाथं देवेशमृषभध्वजम्।
नमामि शिरसा देवं किं नो मृत्युः करिष्यति॥
अनन्तमव्ययं शान्तमक्षमालाधरं हरम्।
नमामि शिरसा देवं किं नो मृत्युः करिष्यति॥
आनन्दं परमं नित्यं कैवल्यपदकारणम्।
नमामि शिरसा देवं किं नो मृत्युः करिष्यति॥
स्वर्गापवर्गदातारं सृष्टिस्थित्यन्तकारिणम्।
नमामि शिरसा देवं किं नो मृत्युः करिष्यति॥
॥ इति श्रीपद्मपुराणान्तर्गत उत्तरखण्डे श्रीमृत्युञ्जयस्तोत्रं सम्पूर्णम्॥

राशिफल

प्रियंका जैन

मेष प्रभावशाली व्यक्ति से सहयोग प्राप्त होगा। पूजा-पाठ में मन लगेगा। तीर्थदर्शन हो सकते हैं। विवेक का प्रयोग करें, लाभ होगा। मित्रों के साथ अच्छा समय बीतेगा। विरोध होगा। पारिवारिक सुख-शांति रहेगी।

वृष स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। कार्य करते समय लापरवाही न करें। बनते कामों में बाधा हो सकती है। विवाद से बचें। काम में मन नहीं लगेगा। किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। विवेक का प्रयोग करें।

मिथुन घर-परिवार की चिंता रहेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। घर-परिवार में प्रसन्नता रहेगी। बाहर जाने का मन बनेगा। भाइयों से मतभेद दूर होंगे।

कर्क लेन-देन में जल्दबाजी न करें। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से क्रोध रहेगा। भूमि व भवन संबंधी बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। व्यापार मनोनुकूल रहेगा।

सिंह रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। मित्रों के साथ आनंदायक समय व्यतीत होगा। व्यापार ठीक चलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

कन्या बुरी सूचना मिल सकती है। मेहनत अधिक होगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। आय में कमी रहेगी। नकारात्मकता बढ़ेगी। विवाद से क्लेश होगा। जल्दबाजी में कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लें।

तुला सामाजिक कार्यों में मन लगेगा। दूसरों की सहायता कर पाएंगे। मान-सम्मान मिलेगा। रुके कार्यों में गति आएगी। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। व्यापार ठीक चलेगा। मनोरंजक यात्रा हो सकती है। मित्रों के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा।

वृश्चिक उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। कोई नया बड़ा काम करने की योजना बनेगी। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल चलेगा।

धनु यात्रा मनोरंजक रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। किसी बड़ी समस्या का हल मिलेगा। व्यावसायिक साझेदार पूर्ण सहयोग करेंगे। कोई नया उपक्रम प्रारंभ करने का मन बनेगा।

मकर अनावश्यक जोखिम न लें। किसी भी व्यक्ति के उकसावे में न आएं। फालतू खर्च होगा। पुराना रोग उभर सकता है। सेहत को प्राथमिकता दें। लेन-देन में जल्दबाजी से हानि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

कुंभ मनोरंजक यात्रा की योजना बनेगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। प्रसन्नता रहेगी। मित्रों के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य बिगड़ सकता है, ध्यान रखें।

मीन घर-परिवार के साथ आराम तथा मनोरंजन के साथ समय व्यतीत होगा। मान-सम्मान मिलेगा। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। विरोध होगा।

वैवाहिक जीवन में आने वाले सुख-दुःख और समाधान

यह मनुष्य को परमात्मा का एक वरदान है। कहते हैं, जोड़ियां परमात्मा द्वारा पहले से ही तय होती हैं। पूर्व जन्म में किए गए पाप एवं पुण्य कर्मों के अनुसार ही जीवन साथी मिलता है और उन्हीं के अनुरूप वैवाहिक जीवन दुखमय या सुखमय होता है।कुंडली में विवाह का विचार मुखयतः सप्तम भाव से ही किया जाता है। इस भाव से विवाह के अलावा वैवाहिक या दाम्पत्य जीवन के सुख-दुख, जीवन साथी अर्थात पति एवं पत्नी, काम (भोग विलास), विवाह से पूर्व एवं पश्चात यौन संबंध, साझेदारी आदि का विचार किया जाता है। यदि कोई भाव, उसका स्वामी तथा उसका कारक पाप ग्रहों के मध्य में स्थित हों, प्रबल पापी ग्रहों से युक्त हों, निर्बल हों, शुभग्रह न उनसे युत हों न उन्हें देखते हों, इन तीनों से नवम, चतुर्थ, अष्टम, पंचम तथा द्वादश स्थानों में पाप ग्रह हों, भाव नवांश, भावेश नवांश तथा भाव कारक नवांश के स्वामी भी शत्रु राशि में,

नीच राशि में अस्त अथवा युद्ध में पराजित हों तो उस भाव से संबंधित वस्तुओं की हानि होती है।

वैवाहिक जीवन के अशुभ योग

यदि सप्तमेश शुभ युक्त न होकर षष्ठ, अष्टम या द्वादश भावस्थ हो और नीच या अस्त हो, तो जातक या जातका के विवाह में बाधा आती है। यदि षष्ठेश, अष्टमेश या द्वादशेश सप्तम भाव में विराजमान हो, उस पर किसी ग्रह की शुभ दृष्टि न हो या किसी ग्रह से उसका शुभ योग न हो, तो वैवाहिक सुख में बाधा आती है। सप्तम भाव में क्रूर ग्रह हो, सप्तमेश पर क्रूर ग्रह की दृष्टि हो तथा द्वादश भाव में भी क्रूर ग्रह हो, तो वैवाहिक सुख में बाधा आती है। सप्तमेश व कारक शुक्र बलवान हो, तो जातक को वियोग दुख भोगना पड़ता है। यदि शुक्र सप्तमेश हो (मेष या वृश्चिक लग्न) और पाप ग्रहों के साथ अथवा उनसे दृष्ट हो, या शुक्र नीच व शत्रु नवांश का या षष्ठांश में हो, तो जातक स्त्री कठोर चित्त वाली, कुमार्गगामिनी और कुलटा होती है। फलतः उसका वैवाहिक जीवन नारकीय हो जाता है। यदि शनि सप्तमेश हो, पाप ग्रहों क साथ व नीच नवांश में हो अथवा नीच राशिस्थ हो और पाप ग्रहों से दृष्ट हो, तो जीवन साथी के दुष्ट स्वभाव के कारण वैवाहिक जीवन क्लेशमय होता है। राहु अथवा केतु सप्तम भाव में हो व उसकी क्रूर ग्रहों से युति बनती हो या उस पर पाप दृष्टि हो, तो वैवाहिक जीवन अक्सर तनावपूर्ण रहता है। यदि सप्तमेश निर्बल हो और भाव 6, 8 या 12 में स्थित हो तथा कारक शुक्र कमजोर हो, तो जीवन साथी की निम्न सोच के कारण वैवाहिक जीवन क्लेशमय रहता है। सूर्य लग्न में व स्वगृही शनि सप्तम भाव में विराजमान हो, तो विवाह में बाधा आती आती है या विवाह विलंब से होता है। सप्तमेश वक्री हो व शनि की दृष्टि सप्तमेश व सप्तम भाव पर पड़ती हो, तो विवाह में विलंब होता है। सप्तम भाव व सप्तमेश पाप कर्तरी योग में हो, तो विवाह में बाधा आती है।

प्रियंका जैन
9769994439

खबर संक्षेप

धर्म परिवर्तन का दबाव बनाकर बांदा में दुष्कर्म

बांदा। उत्तर प्रदेश के बांदा में नाबालिग लड़की से गैंगरेप का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि दो युवकों ने पहले नाबालिग को ब्लैकमेल कर अगवा किया। फिर उसे सुनसान जगह पर ले जाकर बारी-बारी से गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया। फिलहाल, पुलिस ने शिकायत पर गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।दरअसल, बांदा जिले के एक गांव में रहने वाले पीड़ित परिवार ने बताया कि उनकी दोनों बेटियां गांव में एक समारोह में गई थीं। पीड़ित परिवार का आरोप है कि दूसरे गांव के दो युवक बेटी को ब्लैकमेल करने लगे। इसी बीच जब दोनों बेटियां घर लौटने लगीं तो युवकों ने एक बेटी को जबरन कार में बैठा लिया और उसका अपहरण कर लिया। फिर दुष्कर्म किया। इसके साथ ही आरोपी धर्म परिवर्तन का दबाव बनाते रहे। किसी तरह बेटी उनके चंगुल से छूटकर घर आई और अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी। नाबालिग की मां अपनी बेटी को लेकर थाने पहुंची। इसके बाद उसने मामले की शिकायत पुलिस से की। वहीं, पीड़िता के परिजनों ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि थाना क्षेत्र में एक बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आई है। तत्काल पॉक्सो समेत सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। साथ ही दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। बच्ची का मेडिकल कराया जा रहा है।

अमेरिका-ब्रिटेन के किन्नर महाकुंभ में बनेंगे महामंडलेश्वर

प्रयागराज। देश के के 22 राज्यों में अपना विस्तार करने के बाद उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में किन्नर अखाड़ा विदेशों में भी अपना विस्तार करने जा रहा है। प्रयागराज महाकुंभ को लेकर किन्नर अखाड़े ने अपने विस्तार का मेगा प्लान तैयार किया है। इस विस्तार की रूपरेखा में सात देशों के किन्नरों को बड़ी उपाधियों और ओहदे से सम्मानित किया जायेगा। किन्नर अखाड़े की बैठक में फैसला लिया गया है कि 2025 में प्रयागराज में आयोजित होने जा रहे महाकुंभ में किन्नर अखाड़ा महाकुंभ में अब तक का सबसे बड़ा विस्तार करने जा रहा है। किन्नर अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी का कहना है कि महाकुंभ में अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी समेत सात देशों के 12 किन्नर महाकुंभ में जगद्गुरु और महामंडलेश्वर बनाए जाएंगे।

डेढ़ लाख का इनामी पुलिस एनकाउंटर में ढेर, 2 जवान घायल

एजेंसी । बुलंदशहर

उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर मे पुलिस डेढ़ लाख रुपए के इनामी बदमाश को ढेर कर दिया है। पुलिस चेकिंग के दौरान आरोपी बदमाश भागने की कोशिश कर रहा था उसी दौरान वो गिर पड़ा। पुलिस ने उसे चारों तरफ से घेर लिया। पुलिस से घिरता देख बदमाश ने फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग के दौरान पुलिस के दो जवानों के गोली लगी। जिसमें से एक घायल हो गया, जबकि दूसरा जवान बुलेटप्रूफ जैकेट पहने होने के कारण बच गया।जानकारी के मुताबिक, बुलंदशहर कोतवाली की पुलिस टीम देहात क्षेत्र में जाल खेड़ा गांव के पास चेकिंग अभियान चला रही थी। उसी दौरान नहर पटरी के पास एक बाइक सवार युवक पुलिस को देख भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने रोकने की कोशिश की तो युवक एक चक रोड की तरफ भागने लगा, भागने के दौरान वो फिसलकर गिर गया। पुलिस ने आरोपी बदमाश की पहचान राजेश अहेरिया के रुप में की है। राजेश पर बुलंदशहर और अलीगढ़ में 50 से अधिक मुकदमें दर्ज बताए जा रहे हैं।

पुलिस पर की फायरिंग

बुलन्दशहर एसएसपी श्लोक कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि पुलिस कोतवाली देहात क्षेत्र में चेकिंग अभियान में लगी थी।जाल खेड़ा गाव स्थित नहर पटरी के पास बाइक पर एक युवक पुलिस को आता दिखा, पुलिस ने रोका तो युवक बाइक लेकर एक चक रोड की तरफ भागने लगा और फिसलकर गिर गया। खुद को घिरता देख युवक ने पुलिस पर कई राउंड फायरिंग की। बदमाश की एक गोली आहार थानाध्यक्ष और सिपाही आरिफ को लगी। वहीं एक सीओ अनूपशहर और स्वाट प्रभारी की बुलेटप्रूफ जैकेट में भी गोली लगी है। हालांकि, दोनों पुलिस के जवान सकुशल बताए जा रहे हैं। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली से युवक घायल हो गया, जिसको इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया।

50 से अधिक मुकदमें दर्ज

हायर सेंटर ले जाते समय युवक ने दम तोड़ दिया। युवक की शिनाख्त राजेश अहेरिया पुत्र धर्मवीर जाटव निवासी सलेहिया थाना आहार के रूप में हुई। राजेश पर बुलन्दशहर और अलीगढ के थानों में मुकदमें दर्ज हैं। अलीगढ़ के गभाना में भी राजेश पर मुकदमें बताए जा रहे हैं। कुल मिलाकर कुख्यात राजेश पर, लूट, डकैती चोरी, हत्या और हत्या के प्रयास से जुड़े 50 से अधिक मुकदमें दर्ज हैं। वहीं घायल आहार थानाध्यक्ष और सिपाही का जिला अस्पताल में इलाज जारी है। हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

दो जवानों को लगी गोली

एसएसपी बुलन्दशहर श्लोक कुमार के मुताबिक राजेश पर एक लाख का इनाम बुलन्दशहर और 50 हजार का इनाम अलीगढ़ जिले से घोषित था। बुलंदशहर पुलिस ने पहली बार गैर जनपद की पुलिस द्वारा इनामी बदमाश को मुठभेड़ में मार गिराया है। सीओ और प्रभारी की जैकेट में गोली लगी, जिससे वो बाल बाल बच गए।

दलित और अन्य महिलाओं का धर्म परिवर्तन

हिंदू संगठन के हंगामे के बाद पहुंची पुलिस

सुल्तानपुर। उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर से ईसाई धर्म के प्रति प्रेरित का मामला सामने आया है। आरोप है कि गरीब और असहाय लोगों का धर्म परिवर्तन कराया जा रहा था। हिंदू महासंघ और राष्ट्रीय गौरक्षा समिति के पदाधिकारियों की सूचना पर पुलिस पहुंची। इसके बाद धर्म परिवर्तन करा रहे दो पादरी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। दरअसल, यह मामला नगर कोतवाली के मुहरिया इलाके का है। इस मोहल्ले में एक घर में दर्जनों गरीब, असहाय व दलित महिलाएं इकट्ठी थीं। जहां दो पादरियों द्वारा उन्हें धर्म सभा के माध्यम से संबोधित कर ईसाई धर्म के प्रति प्रेरित किया जा रहा था। इसकी जानकारी जब हिंदू महासंघ व राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी के पदाधिकारियों को हुई तो वे मौके पर पहुंच गए। इस दौरान जब उन्होंने विरोध किया तो वहां मौजूद लोग आक्रामक होने लगे। इसके बाद हिंदू संगठन के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब मामला समझा तो वे भी दंग रह गए। फिलहाल पुलिस ने दो पादरियों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस को उनके पास धार्मिक पुस्तकें व अन्य सामान भी मिला है। वहीं, राष्ट्रीय गौरक्षा समिति के पदाधिकारी ने आरोप लगाया कि यहां गरीब और असहाय लोगों को ईसाई धर्म की ओर प्रेरित कर उनका धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है।

मामले में पुलिस ने कही ये बात

सीओ सिटी प्रशांत सिंह ने बताया कि कोतवाली नगर थाने के महुआरियान मोहल्ले में सूचना मिली थी कि ईसाई धर्म के कुछ लोग वहां लोगों का धर्म परिवर्तन कराने का प्रयास कर रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस ने मौके पर जाकर जांच की, तो मामला सत्य पाया गया। इस संबंध में दो आरोपियों साल्विन और सैनी को हिरासत में लिया गया है। दोनों वहां ईसाई धर्म का प्रचार कर लोगों का धर्म परिवर्तन कराने का प्रयास कर रहे थे।

दो बेटों की डूबने से मौत, परिजनों में मचा कोहराम

औरैया । उत्तर प्रदेश के औरैया में नदी में डूबने से एक ही परिवार के दो बेटों की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची एसडीआरएफ टीम और ग्रामीणों की मदद से दोनों भाइयों के शव बरामद कर लिए गए हैं। घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और परिवार में कोहराम मचा है।

बताया जा रहा है कि दोनों भाई घर में हुए कथा के बाद पूजा सामग्री प्रवाहित करने नदी गए थे। घटना बिधूना तहसील के बहादुरपुर अरिंद नदी की है। जानकारी के मुताबिक, बिधूना तहसील के रहने वाले प्रभात मिश्रा और संदीप मिश्रा चचेरे भाई हैं। प्रभात मिश्रा ने दो दिन पहले घर में कथा का आयोजन किया था, जिसकी सामग्री लेकर संदीप का बेटा ऋषभ (18) और प्रभात का बेटा दीपेश (11) बाइक पर सवार होकर अरिंद नदी में प्रभाहित करने गए थे। इस दौरान दीपेश नदी की तेज धारा में चला गया और डूबने लगा। यह देख ऋषभ उसे बचाने के लिए पानी में उतर गया। लेकिन, नदी गहरी होने के कारण दोनों भाई नदी में डूब गए। वहीं, कुछ लोगों ने बाइक पर रखे कपड़े देखकर परिजनों को सूचना दी। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और गांव के लोग वहां पहुंचे और पानी में दोनों की तलाश शुरू कर दी। साथ ही घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस अधिकारी भरत पासवान ने बताया कि सहार थाना अंतर्गत अरिंद नदी में दो लोगों के डूबने की सूचना मिली थी।

बाइक और ट्रैक्टर की जोरदार भिड़ंत ; चार दोस्तों की मौत

एजेंसी । अलीगढ़

अलीगढ़ जिले के जवा थाना इलाके में भीषण सड़क हादसा हो गया। अलीगढ़ जवा रोड पर उस वक्त हादसा हो गया जब बुलंदशहर से एक ही बाइक पर सवार होकर चार दोस्त मेला देखने के लिए जा रहे थे। वहीं बाइक चला रहा युवक नियंत्रण खो बैठा और तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर ट्रॉली के नीचे घुस गई। ट्रैक्टर ट्रॉली के नीचे बाइक घुसते ही उस पर सवार चारों दोस्तों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। एक्सीडेंट की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और चारों युवकों की पहचान होने के बाद उनकी मौत की सूचना परिजनों को दी। पुलिस ने चारों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पूरा मामला जवा थाना क्षेत्र के अलीगढ़-बुलंदशहर डिबाई रोड का है। जहां चार दोस्त एक ही बाइक पर सवार होकर बुलंदशहर से अलीगढ़ मेला देखने के लिए जा रहे थे। तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई। तेज रफ्तार बाइक में चारों दोस्त ट्राली के नीचे घुस गए। घुसने के चलते चारों दोस्तों की मौके पर मौत हो गई। वहीं एक्सीडेंट में चार दोस्तों की मौत होने की सूचना मिलने पर मौके पर परिजन पहुंचे।

ट्रैक्टर ट्राली के नीचे घुसी बाइक

बुलंदशहर जिले के थाना डिबाई क्षेत्र के गांव दौलतपुर खुर्द के रहने वाले यश शर्मा के चाचा ने बताया कि उनका भतीजा अपने तीन अन्य दोस्त विकास, सुनील और रवि के साथ एक बाइक पर सवार होकर अलीगढ़ मेला देखने के निकला था। इस दौरान जवा क्षेत्र के कस्बा छेरत के पास पहुंचते ही बाइक पर सवार चारों दोस्तों की बाइक सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर ट्राली के नीचे घुस गई। सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर ट्राली के नीचे बाइक घुसते हुए देख स्थानीय लोग और सड़क से गुजर रहे लोग मदद के लिए मौके पर पहुंचे और एक्सीडेंट की सूचना पुलिस को दी।

हादसे में चार युवकों की मौत

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों की मदद से ट्रैक्टर ट्राली के नीचे घुसी बाइक पर सवार चारों दोस्तों को मृत हालत में बाहर निकला और उपचार के लिए जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज भेज दिया। जहां डॉक्टरों ने चारों युवकों को देखते ही मृत घोषित कर दिया। एक्सीडेंट में चार युवकों की मौत के बाद उनकी पहचान होने पर उनकी मौत की सूचना उनके परिजनों को दी गई। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे जिसके बाद पुलिस ने युवकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दर्दनाक सड़क हादसे में चार दोस्तों की खबर मिलने के बाद चारों ही परिवार के लोगों में चीख पुकार मच गई है और गांव में मातम पसरा हुआ है। वहीं पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली को अपनी गिरफ्त में लेकर मौके से फरार हुए चालक की तलाश कर रही है।

व्यापार जगत

शक्तिसैट मिशन 108 देशों की 12 हजार लड़कियों को प्रशिक्षित करेगा

एजेंसी । नई दिल्ली

अंतरिक्ष क्षेत्र से जुड़े स्टार्टअप स्पेस किड्ज इंडिया ने अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी पर 108 देशों की लगभग 12,000 लड़कियों को प्रशिक्षित करने के लिए एक वैश्विक मिशन 'शक्तिसैट' शुरू किया है। इसका लक्ष्य सरकारी अंतरिक्ष एजेंसी इसरो के चंद्रयान-4 मिशन के तहत एक उपग्रह का प्रक्षेपण करना है, जिससे अंतरिक्ष अन्वेषण में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। कंपनी के एक बयान के अनुसार, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नवंबर, 2024 में शक्तिसैट के आधिकारिक पोस्टर का अनावरण करेंगी। शक्तिसेट मिशन की अगुवाई कर रही श्रीमति केसन ने कहा, 'इस मिशन में हाई स्कूल की छात्राओं (14-18 वर्ष की आयु) के लिए 120 घंटे का ऑनलाइन प्रशिक्षण शामिल है, जिसमें उन्हें अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, पेलोड विकास और अंतरिक्ष यान प्रणालियों के विभिन्न पहलुओं के बारे में सिखाया जाएगा।' भाग लेने वाले देशों में ब्रिटेन, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ब्राजील, केन्या, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, ग्रीस, श्रीलंका और अफगानिस्तान आदि शामिल हैं। बयान में कहा गया है कि मिशन का लक्ष्य प्रत्येक भाग लेने वाले देश से 108 छात्रों को शामिल कर प्रतिभा को निखारना, अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना और अंतरिक्ष विज्ञान की विशाल संभावनाओं में रुचि जगाना है। इससे ऐसा प्रभाव पैदा होगा जो दुनिया भर में लाखों युवा लड़कियों को प्रेरित करेगा। केसन ने कहा, "मुझे इस विचार को लेकर बेहद खुशी है, और मुझे पूरा विश्वास है कि इस पहल से न केवल हमारे देश को बल्कि पूरी दुनिया को लाभ मिलने की संभावना है। हमारा लक्ष्य युवा महिलाओं को प्रेरित और सशक्त बनाना है, उन्हें ऐसे अवसर प्रदान करना है जो जीवन को बदलने की शक्ति रखते हैं और अंतरिक्ष अन्वेषण के विस्मयकारी क्षेत्र के माध्यम से हमें वैश्विक स्तर पर एकजुट करते हैं।'

सीसीपीए ने ओला को रिफंड के विकल्प, सेवा लेने पर रसीद देने का आदेश दिया

नई दिल्ली। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने टैक्सी सेवा देने वाली कंपनी ओला को उपभोक्ता अनुकूल बदलाव लागू करने का निर्देश दिया है। इसमें रिफंड के विकल्प देना और 'ऑटो राइड' के लिए रसीदें देना शामिल है। नियामक ने रविवार को यह जानकारी दी। मुख्य आयुक्त निधि खरे के नेतृत्व में सीसीपीए ने पाया कि ओला की रिफंड नीति में केवल भविष्य की राइड के लिए कूपन कोड दिए गए थे, जबकि उपभोक्ताओं को बैंक खाते में रिफंड का विकल्प नहीं दिया गया था। सीसीपीए ने एक बयान में कहा, 'यह चलन उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन करता है।'नियामक ने कहा कि बिना सवाल पूछे रिफंड नीति का मतलब यह नहीं हो सकता कि कंपनी लोगों को केवल दूसरी सवारी लेने के लिए इस सुविधा का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करे। नियामक ने ओला को अपने मंच के जरिये बुक की गई सभी 'ऑटो राइड' के लिए बिल जारी करने का भी आदेश दिया।

काइनेटिक इंजीनियरिंग अपनी अनुषंगी कंपनी में करेगी 30 करोड़ का निवेश

एजेंसी । मुंबई

काइनेटिक इंजीनियरिंग लि. अपनी अनुषंगी कंपनी काइनेटिक वाट्स एंड वोल्ट्स में 30 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी ने कहा कि वह नए उद्यम की अनुसंधान, विकास और विनिर्माण क्षमताओं के विस्तार पर ध्यान केंद्रित करना चाहती है। पुणे की वाहन कलपुर्जा विनिर्माता काइनेटिक एनर्जी ने 2022 में मोटर, एक्सल, फ्रेम, कंट्रोलर और बैटरी जैसे इलेक्ट्रिक वाहन उपकरणों के विनिर्माण के लिए एक अनुषंगी कंपनी स्थापित करने की घोषणा की थी।कंपनी ने कहा, 'काइनेटिक इंजीनियरिंग अपनी नवगठित इलेक्ट्रिक अनुषंगी कंपनी काइनेटिक वाट्स एंड वोल्ट्स लिमिटेड में 30 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। यह रणनीतिक निवेश कंपनी के 18.5 करोड़ रुपये के शुरुआती निवेश के अतिरिक्त है, जिससे कुल निवेश 48.5 करोड़ रुपये हो जाएगा।'

काइनेटिक इंजीनियरिंग के प्रबंध निदेशक (एमडी) आजिंक्य फिरोदिया ने कहा, "काइनेटिक वाट्स एंड वोल्ट्स में पूंजी के नवीनतम निवेश के साथ, हम न केवल नवोन्मेष के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ कर रहे हैं, बल्कि अधिक पर्यावरण अनुकूल भविष्य की दिशा में ठोस कदम भी उठा रहे हैं।'उन्होंने कहा कि इस निवेश से कंपनी भारतीय बाजार में अपने ग्राहकों के लिए कुशल, विश्वसनीय और उन्नत इलेक्ट्रिक परिवहन समाधान तैयार करने में सक्षम होगी।

एटीएस होमक्राफ्ट ने 825 करोड़ रुपए में 340 लग्जरी फ्लैट बेचे

नई दिल्ली। रियल एस्टेट कंपनी एटीएस होमक्राफ्ट ने मजबूत मांग के चलते गुरुग्राम के द्वारका एक्सप्रेसवे पर अपनी नई परियोजना के पहले चरण में लगभग सभी 340 लक्जरी घरों को 825 करोड़ रुपये में बेच दिया है।एटीएस समूह की प्रमुख कंपनी एटीएस होमक्राफ्ट ने इसी महीने सेक्टर 105 में द्वारका एक्सप्रेसवे के साथ प्रीमियम आवासीय परियोजना 'सैंक्चुरी 105' पेश की है। कंपनी को ग्राहकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली और वह इस आवासीय परियोजना के चरण-1 में पेश सभी 334 इकाइयों को बेचने में सफल रही। यह चरण 13 एकड़ में फैला हुआ है। इन 334 इकाइयों की बिक्री बुकिंग का मूल्य 825 करोड़ रुपये है।एटीएस होमक्राफ्ट के प्रबंध निदेशक (एमडी) उदयवीर आनंद ने कहा कि कंपनी ने अंतिम उपयोगकर्ताओं और पहली बार घर खरीदने वालों को लक्षित करने के लिए सस्ती दर पर यह नई लक्जरी आवास परियोजना शुरू की है। उन्होंने कहा कि कोविड महामारी के बाद, गुरुग्राम बाजार में पांच करोड़ रुपये प्रति अपार्टमेंट से अधिक कीमत वाले कई नई परियोजनाएं देखी गई हैं। आनंद ने कहा, 'पांच करोड़ रुपये से कम की श्रेणी में आपूर्ति बहुत कम रही है। हमने इस अंतर को पाटने की कोशिश की है।'प्रत्येक टावर में प्रति मंजिल केवल दो अपार्टमेंट हैं।आनंद ने कहा कि कंपनी इस परियोजना में लगभग 750 अपार्टमेंट विकसित करेगी, जिसका निर्मित क्षेत्रफल 23 लाख वर्ग फुट और बिक्री योग्य क्षेत्रफल 16 लाख वर्ग फुट से अधिक है।

इंडियन ओवरसीज बैंक ने विभिन्न शहरों में खुदरा ऋण प्रसंस्करण केंद्र खोले

चेन्नई। सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन ओवरसीज बैंक ने कई शहरों में खुदरा ऋण प्रसंस्करण केंद्र शुरू किया है। बैंक के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि इसका उद्देश्य ऋण स्वीकृति प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना और प्रक्रिया में लगने वाले समय को कम करना है। उन्होंने कहा कि चेन्नई में आठ खुदरा ऋण प्रसंस्करण केंद्रों का भौतिक रूप से उद्घाटन किया गया, जबकि सात अन्य शहरों में ऋण प्रसंस्करण केंद्र वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शुरू किए गए। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'हमारे नए खुदरा कर्ज प्रसंस्करण केंद्र सिर्फ सुविधा के बारे में नहीं हैं। यह एक ज्यादा स्मार्ट, ज्यादा लचीला बैंकिंग ढांचा बनाने के बारे में है। डिजिटल उपकरण और उन्नत आंकड़ों का इस्तेमाल करके, हम मज़बूत जोखिम प्रबंधन सुनिश्चित कर रहे हैं।

सिनर ने जोकोविच को हराकर शंघाई मास्टर्स जीता

एजेंसी । शंघाई

शीर्ष रैंकिंग पर काबिज यानिक सिनर ने रविवार को यहां 24 बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन नोवाक जोकोविच को सीधे सेटों में हराकर शंघाई मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। इटली के इस खिलाड़ी ने आठ ऐस और 22 विनर लगाकर जोकोविच को 7-6 (4), 6-3 से शिकस्त दी। जोकोविच ने चार ऐस और 12 विनर लगाये जबकि सिनर ने एक भी ब्रेक प्वाइंट का सामना नहीं किया। जोकोविच यहां टूर स्तर के अपने 100वें खिताब की कोशिश में जुटे थे। जिमी कोनोर्स और रोजर फेडरर ही पुरुष टेनिस में शतक के खिताबी आंकड़े को पार कर पाये हैं। कोनोर्स ने 109 जबकि फेडरर ने 103 टूर स्तर के खिताब जीते हैं।

वाशिंगटन सुंदर को इंपैक्ट फील्डर पुरस्कार

"यह सचमुच हैरानी भरा लगता है। मैं जब भी मैदान पर होता हूं तो अपना शत प्रतिशत योगदान देने का प्रयास करता हूं। स्थिति कैसी भी हो प्रत्येक खिलाड़ी मैदान पर अपना योगदान दे सकता है। मैं इस पुरस्कार के लिए आभारी हूं। मैं दिलीप सर और सहयोगी स्टाफ के अन्य सदस्यों का आभार व्यक्त करता हूं। **-वाशिंगटन सुंदर**"

एजेंसी । हैदराबाद

युवा ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर ने बांग्लादेश के खिलाफ रविवार को खत्म हुई टी-20 सीरीज में शानदार क्षेत्ररक्षण करने के लिए भारतीय क्रिकेट टीम का इंपैक्ट फील्डर पुरस्कार हासिल किया। उन्होंने ने इस पुरस्कार की दौड़ में हार्दिक पांड्या और रियान पराग को पीछे छोड़ा।

'फील्डिंग के दौरान वह अलग खिलाड़ी दिखे'

भारत के क्षेत्ररक्षण कोच टी दिलीप ने वाशिंगटन के क्षेत्ररक्षण में उत्कृष्ट सुधार की सराहना करते हुए कहा क्षेत्ररक्षण करते समय वह एक अलग तरह के खिलाड़ी नजर आए। दिलीप के दावेदार नंबर एक पांड्या थे। कोच ने मैदान पर उनकी ऊर्जा की तुलना 'टॉप गियर में फॉर्मूला वन कार' से की। पराग किसी मुश्किल कैच को भी बेहद आसान बनाने के कारण दूसरे नंबर के दावेदार थे। लेकिन वाशिंगटन ने सीमा रेखा पर सटीक क्षेत्ररक्षण के दम पर इन दोनों को पीछे छोड़ दिया। उन्होंने सीरीज में तीन कैच लपके और सिर्फ पांच रन प्रति ओवर की शानदार इकोनॉमी रेट के साथ गेंदबाजी की।

नंबर गेम

- 3 कैच सीरीज में लपकने के साथ ही सुंदर ने पांच की इकोनॉमी से तीन विकेट भी लिए
- 4 मैचों की टी-20 सीरीज खेलनी है टीम को अब अगले महीने दक्षिण अफ्रीका में

हासिल किया पदक

वाशिंगटन ने जितेश से पदक हासिल किया। रोहित एंड कंपनी को अब न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है जो 16 अक्तूबर से बेंगलुरु में शुरू होगी। वहीं सूर्यकुमार की टीम को अगले महीने चार मैचों की टी-20 सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका दौरे पर जाना है।

ग्रीन की चोट से बेनक्रॉफ्ट की टेस्ट वापसी संभव: टेलर

एजेंसी । सिडनी

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान मार्क टेलर को लगता है कि ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन की चोट अगले महीने भारत के खिलाफ होने वाली प्रतिष्ठित बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में कैमरन बेनक्रॉफ्ट की टेस्ट क्रिकेट में वापसी का रास्ता खोल सकती है। खबरों के मुताबिक ग्रीन अपनी पीठ के निचले हिस्से में स्ट्रेस फ्रैक्चर की सर्जरी के कारण भारत के खिलाफ पांच मैचों की आगामी टेस्ट श्रृंखला से बाहर हो सकते हैं। इस 25 वर्षीय तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर को पहले भी पीठ में चार बार स्ट्रेस फ्रैक्चर हो चुका है लेकिन 2019 के बाद से ऐसी कोई समस्या नहीं हुई थी। टेलर ने 'वाइड वर्ल्ड ऑफ स्पोर्ट्स' पर कहा, 'यह अजीब है, है न? कैमरन ग्रीन पिछले साल एशेज श्रृंखला के दौरान ऑस्ट्रेलियाई टीम से बाहर थे और मिचेल मार्श आए थे लेकिन ऑस्ट्रेलिया उन्हें वापस लाने के लिए बहुत उत्सुक था।'

'स्मिथ फिर से चौथे नंबर पर आ जाएंगे'

इस साल की शुरुआत में डेविड वार्नर के संन्यास के बाद बेनक्रॉफ्ट को पारी का आगाज करने का दावेदार माना जा रहा था लेकिन चयनकर्ताओं ने ग्रीन को टेस्ट टीम में वापस बुला लिया और स्टीव स्मिथ से पारी की शुरुआत कराई गई। हालांकि अनुभवी बल्लेबाज स्मिथ ने सलामी बल्लेबाज के रूप में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया और टेलर का मानना है कि स्मिथ फिर से चौथे नंबर पर आ जाएंगे। टेलर ने कहा, 'मुझे लगता है कि स्मिथ फिर से चौथे नंबर पर आ जाएंगे। तो सवाल यह है कि पारी की शुरुआत कौन करेगा?

भारत को अगले साल आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप की मेजबानी मिली

एजेंसी । नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) ने रविवार को भारत को अगले साल होने वाले आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप की मेजबानी का अधिकार दिया। महासंघ के अध्यक्ष लुसियानो रॉसी ने कहा कि अगर भारत निकट भविष्य में और अधिक बड़े टूर्नामेंटों की मेजबानी करने का इच्छुक है तो खेल की वैश्विक संचालन संस्था उसका समर्थन करेगी। रॉसी आईएसएसएफ के सत्रांत विश्व कप फाइनल के लिए यहां आए हुए हैं। इस टूर्नामेंट में साल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी हिस्सा लेते हैं। रॉसी ने मीडिया से कहा,'मैं हाल ही में पेरू में संपन्न जूनियर विश्व चैंपियनशिप में भारत को शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई देना चाहता हूं। मैं यह भी बताना चाहता हूं कि आईएसएसएफ में हम 2025 में जूनियर विश्व कप की मेजबानी के भारत के आवेदन और एनआरएआई द्वारा संपर्क किए जाने पर भविष्य की अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी का भी समर्थन करेंगे।' आईएसएसएफ प्रमुख ने कहा, ''भारत ना केवल अपने प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के साथ बल्कि खेल के बुनियादी ढांचे और पहुंच का विस्तार करने की अपनी प्रतिबद्धता के माध्यम से भी निशानेबाजी की दुनिया में एक महत्वपूर्ण शक्ति बना हुआ है।' उन्होंने कहा कि विश्व कप फाइनल जैसे बड़े टूर्नामेंट की मेजबानी इस खेल से जुड़े सभी लोगों के प्रयासों का प्रमाण है। मंगलवार से डॉ. कर्णी सिंह रेंज में शुरू होने वाले टूर्नामेंट में 23 भारतीय निशानेबाजों का दल दुनिया के शीर्ष निशानेबाजों से मुकाबला करेगा।

भारतीय निशानेबाजी की वैश्विक पहचान को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता

भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के अध्यक्ष कलिकेश सिंह देव ने कहा, ''निशानेबाजी में भारत का बढ़ता कद, सभी हितधारकों के केंद्रित और सहयोगात्मक प्रयासों का परिणाम है जो जमीनी स्तर के कार्यक्रमों से लेकर शीर्ष प्रशिक्षण सुविधाओं तक एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र बना रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल जैसे टूर्नामेंटों की मेजबानी भारत की निशानेबाजी खेल को वैश्विक स्तर पर ऊपर उठाने की क्षमता को प्रदर्शित करती है।' कलिकेश ने कहा, 'हम नियमित रूप से विश्व स्तर की प्रतियोगिताओं का आयोजन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जिससे कि ना केवल भारतीय टीम का आत्मविश्वास बढ़े बल्कि आने वाली पीढ़ियों को अपने पसंदीदा सितारों को अपने सामने खेलते हुए देखकर प्रेरणा मिले।'

पेरिस में शानदार प्रदर्शन के बाद स्वदेश में लय बरकरार रखने उतरेगा भारत

- **भारत के युवा निशानेबाज आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में करेंगे दमदार प्रदर्शन**



एजेंसी । नई दिल्ली

पेरिस ओलंपिक के पदक विजेताओं की अनुपस्थिति के बावजूद भारत मंगलवार से यहां शुरू हो रहे सत्रांत आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में भाग लेगा तो मेजबान की 23 सदस्यीय टीम में शामिल रिदम सांगवान जैसे खिलाड़ियों से पदक की उम्मीद होगी। पेरिस ओलंपिक के पदक विजेता स्वतः ही इस टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करते लेकिन कांस्य पदक जीतने वाले मनु भाकर, सरबजोत सिंह और स्वप्निल कुसाले ने डॉ. कर्णी सिंह रेंज में होने वाले इस टूर्नामेंट में भाग नहीं लेने का विकल्प चुना है। रिदम के अलावा गनीमत सेखों (महिला स्कीट) और सोनम मस्कर (महिला 10 मीटर एयर राइफल) जैसी उभरती हुईं निशानेबाज प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करना चाहेंगे जिन्हें विश्व रैंकिंग के आधार पर टूर्नामेंट में जगह मिली है। भारतीय टीम में अर्जुन बबूता (पुरुष 10 मीटर एयर राइफल) और अनीष भानवाला (पुरुष 25 मीटर रेपिड फायर पिस्टल) सहित नौ ऐसे निशानेबाज हैं जिन्होंने 2024 पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लिया था। रिदम महिला 10 मीटर एयर पिस्टल और 25 मीटर पिस्टल दोनों स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगी। टीम में शामिल अन्य ओलंपियन मेइराज अहमद खान (पुरुष स्कीट), दिव्यांश सिंह पंवार (पुरुष 10 मीटर एयर राइफल) और चैन सिंह (पुरुष 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन) हैं। विश्व कप फाइनल में चुनौती पेश करने के लिए अर्जुन सिंह चीमा (पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल), विजयवीर सिद्धू (पुरुषों की 25 मीटर रेपिड फायर पिस्टल), अनंतजीत सिंह नरुका (पुरुषों की स्कीट), महेश्वरी चौहान (महिला स्कीट), राजेश्वरी कुमारी (महिला ट्रैप) और श्रेयसी सिंह (महिला ट्रैप) भी तैयार हैं। इन सभी निशानेबाजों ने पेरिस खेलों में हिस्सा लिया था।

कार्तिक के स्टारडम को मिलेगा 'भूल भुलैया 3' का सहारा

बॉलीवुड के यंग स्टार कर्तिक आर्यन की 'भूल भुलैया 2' में एंट्री बहुत धमाकेदार रही थी। पहली 'भूल भुलैया' फिल्म के हीरो अक्षय कुमार की जगह दूसरी फिल्म में आए कार्तिक पर काफी तगड़ा प्रेशर था। मगर लॉकडाउन के जस्ट बाद वाले समय में कार्तिक ने उस समय की सबसे बड़ी बॉलीवुड हिट डिलीवर की थी। 'भूल भुलैया 2' के सुपरहिट होते ही जनता की नजरें इस फ्रैंचाइजी की तीसरी फिल्म पर टिक गई थीं। बुधवार को फाइनली 'भूल भुलैया 3' का टीजर आ गया है और इसमें वो सारे मसाले नजर आ रहे हैं जो एक हॉरर कॉमेडी फिल्म को हिट बनाते हैं। इस फिल्म का थिएटर्स में जबरदस्त परफॉर्म करना कार्तिक के लिए बहुत जरूरी हो गया है। उनके लाइन-अप में ये ऐसी फिल्म लग रही है, जो उनके स्टारडम को वो पुश दे सकती है कि जिसकी उन्हें बहुत जरूरत है।

स्टारडम की 'भूल भुलैया' में उलझे कार्तिक आर्यन

2018-19 में कार्तिक ने बॉक्स ऑफिस पर बैक टू बैक तीन बड़ी हिट्स डिलीवर की थीं। 'सोनू के टीटू की स्वीटी' से उन्होंने अपने करियर में पहली बार इंडियन बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ का माइलस्टोन पार किया। इसके बाद 'लुका छुप्पी' और 'पति पत्नी और वो' की लगातार जोरदार कामयाबी से, एक दशक का स्ट्रगल देखकर आए कार्तिक फाइनली एक कामयाब बॉलीवुड स्टार बन गए। लॉकडाउन शुरू होने से ठीक पहले आई उनकी फिल्म 'लव आज कल' जरूर फ्लॉप हो गई। मगर लॉकडाउन के तुरंत बाद 'भूल भुलैया 2' ने 186 करोड़ के कलेक्शन के साथ कार्तिक को बड़ा स्टार बना दिया। जनता के बीच सॉलिड पॉपुलैरिटी एन्जॉय करने वाले कार्तिक आर्यन को 'भूल भुलैया 2' की धुआंधार कामयाबी के बाद कम से एक एक और बड़ी हिट की बहुत सख्त जरूरत थी, जो उन्हें टॉप के स्टार्स में शामिल कर देती। मगर कार्तिक अभी भी इस फिल्म की तलाश ही कर रहे हैं।

अनुपम खेर ने की महिमा चौधरी के साहस की तारीफ

बॉलीवुड के दिग्गज एक्टर अनुपम खेर इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'द सिग्नेचर' की शूटिंग में बिजी है। इसी बीच अनुपम खेर ने एक्ट्रेस महिमा चौधरी के साहस और शानदार अभिनय के लिए प्रशंसा की। दरअसल, महिमा चौधरी को साल 2022 में ब्रेस्ट कैंसर का पता चला था। फिलहाल, महिमा चौधरी ठीक हो चुकी हैं। इसी बीच अनुपम खेर ने रविवार को अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म की झलकियों के साथ एक वीडियो शेयर किया है। कैंसर से जूझते हुए महिमा की ताकत को स्वीकार करते हुए एक प्यारा संदेश लिखा। अनुपम खेर ने अपने पोस्ट में बताया है कि महिमा ने कीमोथेरेपी करवाने और अपने बाल खोने के बावजूद फिल्म पर काम करना जारी रखा था। अनुपम ने कहा कि यह मेरी फिल्म प्रमोशन पोस्ट नहीं है। यह हमारी फिल्म के निर्माण के दौरान आपकी और आपके साहस की सराहना करने के लिए है। यह पता चलने के बाद कि आपको कैंसर है, आप अपनी कीमोथेरेपी करवा रही थीं और आपके अधिकांश बाल झड़ चुके थे, फिर भी आपने आगे बढ़कर हमारी फिल्म की शूटिंग की। खुशी और पेशेवर रूप से।

फिल्म में उनके अभिनय को शानदार से भी बढ़कर बताते हुए, अनुपम खेर ने शेयर किया है कि द सिग्नेचर में आपका अभिनय शानदार से भी बढ़कर है! इसे आसानी से कई वर्षों में सर्वश्रेष्ठ में से एक कहा जा सकता है। खूबसूरती से बारीक, दिल तोड़ने वाला, दयालु, सहज और वास्तविक। उन्होंने आगे कहा कि आप असली हीरो हैं। एक असली #रोल मॉडल। एक असली प्रभावशाली व्यक्ति! आपके साथ काम करना मेरे लिए खुशी और सौभाग्य की बात थी। द सिग्नेचर एक समर्पित पति की भावनात्मक परीक्षाओं की पड़ताल करता है, जिसे अनुपम खेर ने निभाया है, क्योंकि वह जीवन को बदलने वाले संकट से जूझता है।



'कंगुवा' का सिल्वर स्क्रीन पर होगा धमाल

स्टूडियो ग्रीन की अपकमिंग फिल्म कंगुवा इस साल की मच अवेटेड फिल्मों में से एक है। जैसे-जैसे इसकी रिलीज के लिए एक्साइटमेंट बढ़ती जा रही है, वैसे-वैसे कंगुवा के मेकर्स भी अपनी अनाउंसमेंट के जरिए सभी का उत्साह बढ़ा रहे हैं। ऐसे में अब उन्होंने अनाउंस किया है कि फिल्म को नोर्थ इंडिया में पेन मरुधर के साथ साझेदारी में रिलीज किया जाएगा, जो आरआरआर और स्त्री 2 जैसी हिट फिल्मों के पीछे की टीम है। अपने सोशल मीडिया पर मेकर्स ने एक थ्रिलिंग वीडियो शेयर किया है और उन्होंने पेन मरुधर के साथ अपने नॉर्थ इंडियन रिलीज की अनाउंसमेंट की है। इसके साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा है कि पेन मूवीज के साथ हाथ मिलाते हुए हम बहुत रोमांचित हैं। पेन मरुधर शक्तिशाली कंगुवा को नॉर्थ इंडिया में पहुंचाएंगे। बड़े पर्दे पर जादू देखने के लिए तैयार हो जाइए। कंगुवा इस साल की सबसे बड़ी और सबसे महंगी फिल्म है। 350 करोड़ से ज्यादा के अनुमानित बजट के साथ यह 'पुष्पा', 'सिंघम' और कई दूसरी बड़ी फिल्मों से भी बड़ी है। कंगुवा की शूटिंग अलग अलग कॉन्टिनेंट्स के 7 अलग देशों में की गई है। मेकर्स के दिमाग में फिल्म के लिए एक अपनी तरह का लुक है, क्योंकि यह प्रीहिस्टोरिक पीरियड को दिखाने वाली अनोखी फिल्म है। मेकर्स ने फिल्म के लिए टेक्निकल डिपार्टमेंट को हायर किया है।

किसके साथ रिलेशनशिप में हैं श्रद्धा कपूर?

श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव स्टारर 'स्त्री 2' बॉक्स ऑफिस पर एक ब्लॉकबस्टर फिल्म बन गई है। इस फिल्म की सक्सेस की खुशी में फिल्म से जुड़े सभी स्टार्स आज भी झूम रहे हैं। 'स्त्री 2' क बाद से श्रद्धा कपूर की फैन फॉलोइंग में काफी इजाफा हुआ है। हालांकि, श्रद्धा की प्रोफेशनल लाइफ से लेकर पर्सनल लाइफ के बारे में उनके फैन्स काफी बेताब रहते हैं। एक इंटरव्यू में श्रद्धा ने अपने रिलेशनशिप में होने की बात का खुलासा किया है। श्रद्धा कपूर हाल ही में रिलेशनशिप के बारे में बात की, इसके साथ ही उन्होंने शादी के बारे में भी अपने विचार सामने रखे। श्रद्धा ने अपनी शादी के बारे में बात करते हुए बताया कि ये डिसीजन एक अच्छे पार्टनर पर डिपेंड करता है। उन्होंने अपने पार्टनर के बारे में बात करते हुए ये भी बताया कि उन्हें अपने पार्टनर के साथ टाइम बिताना बहुत अच्छा लगता है। इन बातों के साथ ही उन्होंने रिश्तों के लेकर सुझाव भी दिया है।

पार्टनर के साथ समय बिताना है पसंद

श्रद्धा कपूर ने बताया कि उन्हे फेरीटेल लव स्टोरी काफी अट्रैक्ट करती है। साथ ही ये भी कहा कि जब तक वो अपने पार्टनर के साथ हैं तब तक उन्हें किसी और की जरूरत नहीं है। कॉस्मोपॉलिटन के साथ हुए एक इंटरव्यू में उन्होंने बिना नाम लिए अपने पार्टनर के बारे में बात की। श्रद्धा ने अपने पार्टनर के साथ समय बिताने की बात करते हुए कहा कि मुझे अपने पार्टनर के साथ वक्त बिताना काफी अच्छा लगता है, मुझे उनके साथ फिल्में देखना, डिनर पर जाना और घूमना बहुत पसंद है।

न्यूज़ ब्रीफ

पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव के भाई की दुर्घटना में मौत

रांची। लातेहार के एनएच-75 पर जिले के मनिका थाना क्षेत्र के करमाही मोड़ के पास रविवार को जेपीएस नामक बस (जेएच19बी-7200) व कार (जेएच01ईएक्स-6963) में आमने-सामने की टक्कर हो गई। जिसमें झारखंड के पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव अजनफर अंसारी उर्फ छोटू के भाई सफदर इमाम (नामकुम) की मौके पर ही मौत हो गई। इस दुर्घटना में परिवार के अन्य चार सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गये। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। स्थानीय लोगों के अलावा लातेहार तथा मनिका पुलिस की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। यहां डॉक्टर विवेक विद्यार्थी ने सभी के इलाज किया। इलाज के बाद सभी घायलों को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। घायलों में अनिक अंसारी, जयान गजनफा, मो अहियान अंसारी व इबाद अंसारी शामिल है।

भारत के खिलाफ जहर उगलने वाले कनाडाई PM ट्रूडो की मुश्किलें बढ़ीं

ओटावा। भारत के खिलाफ जहर उगलने वाले कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की मुश्किलें बढ़ गई हैं। उनकी ही पार्टी के सांसदों का उन पर भरोसा नहीं रहा है। कनाडा में सत्तारूढ़ लिबरल पार्टी के भीतर सांसदों का एक ग्रुप जस्टिन ट्रूडो पर पद छोड़ने के लिए दबाव बना रहा है। सूत्रों के हवाले से बताया है कि टोरंटो और मॉन्ट्रियल में हाल ही में हुए उप-चुनावों में हार के बाद असंतोष चरम पर पहुंच गया है, जिसके कारण असंतुष्ट सांसदों के बीच कई गुप्त बैठकें हुईं। ये सांसद प्रधानमंत्री पद से जस्टिन ट्रूडो को हटाना चाहते हैं और नेतृत्व में बदलाव के लिए कम-से-कम 20 नेताओं ने दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए हैं। इसी साल जून महीने में टोरंटो-सेंट पॉल उपचुनाव में ट्रूडो की पार्टी आश्चर्यजनक हार हुई थी, जिसके बाद से ही उनकी पार्टी में जबरदस्त असंतोष पनप रहा है। संसद की वापसी के साथ यह अशांति और बढ़ गई और मॉन्ट्रियल उपचुनाव में हार के बाद और भी बढ़ गई।

नालंदा में दर्दनाक सड़क हादसा, बाइक की आमने-सामने की भीषण टक्कर में 4 युवकों की मौत

सरमेरा (नालंदा)। बिहार के नालंदा में नालंदा में भीषण सड़क हादसे में शनिवार देर शाम चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घायलों को बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर किया गया है। घटना के विरोध में रविवार को दो घंटे तक आक्रोशित ग्रामीणों ने बिहटा सरमेरा एसएच 78 पर बढ़िया गांव के समीप जाम कर हंगामा किया। बाद में स्थानीय थाना की पुलिस पहुंच कर लोगों को समझा कर शांत कराया और जाम हटाया। जाम कर रहे लोग मुआवजा व इस मार्ग पर स्प्रीड ब्रेकर की मांग कर रहे थे। घटना के संबंध में बताया जाता है कि एक बाइक पर चार दोस्त जिनमें दो गया ज़िला निवासी नीमचक बथानी थाना क्षेत्र धर्मुचक गांव निवासी जागेश्वर केवट के 22 वर्षीय पुत्र बोस कुमार, नालंदा ज़िला के सरमेरा थाना क्षेत्र मोहद्दीपुर नगर निवासी संजय केवट के 24 वर्षीय पुत्र सोनू कुमार, दो शेखपुरा जिला के कमिश्नरी बाजार राज कुमार पासवान के 35 वर्षीय पुत्र शशिरंजन कुमार और पुलपर बाज़ार निवासी दिलीप कुमार का 23 वर्षीय पुत्र राजन कुमार शामिल है।

यूपी उपचुनाव में भाजपा की बढ़ सकती है चुनौती !

अखिलेश ने लोकसभा में चला था दांव : सर्वाधिक 80 लोकसभा सीटों वाले यूपी में भाजपा को हुआ था 29 सीटों का नुकसान

एजेंसी । नई दिल्ली

हरियाणा में भाजपा की अप्रत्याशित जीत के कारणों में जाट बनाम गैर जाट ओबीसी की लकीर को प्रमुख कारक माना जा रहा है। बेशक, भाजपा के रणनीतिकार अभी इस दांव को लेकर उत्साहित हों, लेकिन हरियाणा की सीमा लांघते ही यह नैरेटिव खास तौर पर उत्तर प्रदेश में भाजपा के लिए चुनौती बढ़ा सकता है।

बांटने-जोड़ने का दांव आसान नहीं

दरअसल, यादव निर्विवाद रूप से समाजवादी पार्टी के समर्थक माने जाते हैं और भाजपा से जाटों की नाराजगी का संदेश भी सतत चल रहा है। इधर, अन्य पिछड़ों को साधने का सफल प्रयोग अखिलेश यादव लोकसभा चुनाव में कर चुके हैं। ऐसे में भाजपा के लिए पिछड़ों को बांटने-जोड़ने का दांव आसान नजर नहीं आता।

जातीय राजनीति का पूरा असर

हालांकि, शीर्ष नेताओं की हिंदुओं की एकजुटता के प्रति बढ़ी मुखरता को विपक्ष द्वारा उभारे जा रहे जातियों के खांचों को पाटने के प्रयास के रूप में भी देखा जा रहा है। लोकसभा चुनाव में जातीय राजनीति का पूरा असर दिखाई दिया। भाजपा का आधार मानी जाने वाली हिंदी पट्टी के अन्य राज्यों में उसका प्रदर्शन तब भी ठीक रहा, लेकिन सर्वाधिक 80 लोकसभा सीटों वाले उत्तर प्रदेश में उसे 29 सीटों का नुकसान हुआ।

ओबीसी वोटबैंक : भाजपा के सबसे मजबूत माने जाने वाले ओबीसी वोटबैंक में भी सपा प्रमुख अखिलेश यादव की पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) रणनीति ने सेंध लगा दी। जाटों की नाराजगी के लगातार उठ रहे सुरों को भी इन परिणामों से बल मिला। निस्संदेह भाजपा के लिए यह घाव ही थे, जिन्हें काफी हद तक हरियाणा विधानसभा चुनाव के परिणाम ने भर दिया है। अव्वल तो दलित उसकी ओर लौटता दिखा और सबसे महत्वपूर्ण यह कि ओबीसी का भी उसे भरपूर साथ मिला। अब हरियाणा से निकला जाट बनाम गैर जाट ओबीसी का यह नैरेटिव आगे बढ़ता है तो भाजपा की चिंता बढ़ाएगा।

एकमुश्त वोट सपा के समर्थन में

दरअसल, भाजपा को खास तौर पर उत्तर प्रदेश में अपनी जमीन को मजबूत बनाए रखना है। वहां भाजपा हरियाणा की तरह यादव बनाम अन्य ओबीसी नहीं कर सकती, क्योंकि यादवों का करीब-करीब एकमुश्त वोट सपा के समर्थन में रहता है। उनकी आबादी भी आठ-दस प्रतिशत ही मानी जाती है।

दलित और मुस्लिम समीकरण

वहीं, जो जाट नाराज बताया जाता है, उसकी प्रदेश में कुल आबादी भले ही चार-पांच प्रतिशत के करीब है, लेकिन पश्चिमी उत्तर प्रदेश में उपस्थिति 17 प्रतिशत है। इस अंचल में जाटों के साथ दलित और मुस्लिम समीकरण बनाते हैं तो भाजपा की राह पथरीली हो जाती है। अन्य ओबीसी में सेंध लगाकर सपा ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में भी लोकसभा चुनाव में भाजपा का नुकसान कर दिया। अब हरियाणा से गैर जाट ओबीसी के नरम रुख के संकेत मिले हैं, लेकिन यूपी में जातियों की हर लकीर को पाटना होगा। वैसे सीएम योगी आदित्यनाथ का 'बंटेंगे तो कटेंगे' वाला बयान इसी प्रयास का हिस्सा है।

यूक्रेन पर गिरी आफत नारंगी हो गया आसमान

एजेंसी । कीव

रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध दिन बढ़ने के साथ खतरनाक होता जा रहा है। इस महायुद्ध को अगले साल फरवरी महीने में तीन साल पूरे हो जाएंगे। इस बीच पूर्वी यूक्रेन के एक शहर कोस्तियातिन्विका में रूस का ऐसा गुप्त और रहस्यमयी हथियार गिरा, जिसने पूरी दुनिया में कौतूहल बढ़ा दिया है। यह गुप्त हथियार दुनिया में इकलौता और सबसे उन्नत किस्म का है, जो रूस के अलावा किसी और के पास नहीं है। जब यह यूक्रेन में फटा तो कुछ देर के लिए आसमान नारंगी हो गया। यूक्रेनियों ने ऐसा नजारा पहली बार देखा और मारे दहशत के बंकरों में छिप गए। इतने लंबे वक्त से चल रहे इस युद्ध में कभी इस हथियार का इस्तेमाल नहीं हुआ है। यूक्रेन आशंकित है कि रूस का यह हथियार बताता है कि वह कुछ बड़ा करने की योजना बना रहा है।

यूक्रेनियों ने पहली बार ऐसा देखा

इससे पहले रूस ने जब भी यूक्रेन पर हवाई हमले किए हैं, आसमान पर सफेद रंग की रोशनी दिखाई दी है, लेकिन इस बार पूरा आसमान नारंगी रंग में नहाया हुआ दिखाई दिया। यूक्रेनियों ने पहली बार ऐसा देखा और दहशत में आ गए। यह कोई साधारण लड़ाकू ड्रोन नहीं है।

गुप्त हथियार के साथ रूसी लड़ाकू विमान भी दिखाई दिए

इस गुप्त हथियार से किसी को नुकसान नहीं पहुंचाया गया। ऐसी चर्चाएं हैं या तो यूक्रेनी लड़ाकों ने इसे हवा में ही नष्ट कर दिया या रूस द्वारा गलती से छोड़े जाने पर उसी ने इसे नष्ट कर दिया, क्योंकि प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि इस गुप्त हथियार के साथ रूसी लड़ाकू विमान भी आसमान पर दिखाई दिए। रूस नहीं चाहता था कि यह दुश्मन के हाथ लगे और इस हथियार से जुड़ी जानकारी दुनिया के सामने आए। यह हथियार रूस का प्रसिद्ध एस-70 ओखोत्निक ड्रोन बताया जा रहा है। जानकारों का मानना है कि इस तरह का उन्नत हथियार दुनिया में किसी के पास नहीं है।

अब तक रूस और यूक्रेन युद्ध में नहीं हुआ इस ड्रोन का इस्तेमाल

इस ओखोत्निक ड्रोन को हंटर नाम से भी जाना जाता है। यह भारी और मानवरहित वाहन लड़ाकू विमान जितना बड़ा है, लेकिन इसमें कॉकपिट नहीं है। इसलिए इसके दुश्मन के क्षेत्र में आने से पता लगाना बहुत मुश्किल होता है। मामले के जानकार बता रहे हैं कि यह स्पष्ट है कि यह हथियार गलती से छोड़ दिया गया या फिर इसने अपना रास्ता भटक लिया। यह ड्रोन रूस के Su-57 जेट के साथ आसमान पर था। रूस इस ड्रोन से संपर्क स्थापित करना चाहता था और दोनों यूक्रेनी क्षेत्र में घुस आए। ऐसा बताया जा रहा है कि यह हथियार दुश्मन के हाथ न लगे, इसलिए इसे रूस द्वारा खुद ही नष्ट कर दिया गया। अब तक रूस और यूक्रेन युद्ध में इस ड्रोन का इस्तेमाल नहीं हुआ है।

भूकंप के झटकों से दहला जम्मू कश्मीर और असम

एजेंसी । नई दिल्ली

देश का ऊपरी इलाका आज भूकंप के झटकों से दहल गया। जम्मू कश्मीर, असम तथा हिमाचल के कुछ क्षेत्रो में लोगो ने भूकंप के झटकें महसूस किये। डरे-सहमे लोग अपने घरों से बाहर निकल गए और स्थानीय प्रशासन को सुचना करने लगे। भूकंप की तीव्रता हर क्षेत्र में अलग-अलग दर्ज की गई है।



डोडा में झटकों से अफरातफरी

जम्मू कश्मीर के डोडा इलाके में लोगो ने सुबह कम्पन्न महसूस किया तो उन्हें एकाएक कुछ समझ नहीं आया, लेकिन जब यह झटकें तेज़ हुए तो लोग घरों से बाहर निकलकर एक-दूसरे से पूछने लगे। जब समझ आया कि पुरे क्षेत्र में भूकंप के झटके महसूस हुए है, फिर लोग अपने घरों से बाहर निकल गए।

असम के कई इलाके दहले

बताया जा रहा है कि ब्रह्मपुत्र के उत्तरी किनारे पर उदलगुडी जिले में सुबह लगभग 07 :47 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र जमीन से 15 किलोमीटर की गहराई में था। भूकंप का केंद्र गुवाहाटी से करीब 105 किलोमीटर उत्तर और असम-अरुणाचल प्रदेश सीमा के समीप तेजपुर से 48 किलोमीटर पश्चिम में स्थित था। आसपास के दरांग, तामुलपुर, सोनितपुर, कामरूप और बिश्वनाथ जिलों के लोगों ने भी भूकंप के झटके महसूस किए। कामरूप महानगर, मोरीगांव और ब्रह्मपुर के दक्षिण छोर पर नगांव में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए।

हिमाचल में भूकंप का केंद्र कुल्लू

हिमाचल के कुल्लू में भी भूकंप के झटके महसूस हुए, जिनका केंद्र कुल्लू रहा। इसके साथ ही सबसे नजदीकी बड़ा शहर जहाँ भूकंप महसूस किया गया हो, वह बंजर है। जो 1,400 लोगो की आबादी वाला क्षेत्र है, यह भूकंप के केंद्र से 36 किमी (23 मील) दक्षिण-पश्चिम में स्थित है। माना जा रहा है कि यहाँ रहने वाले लोगों ने मामूली कम्पन्न महसूस किया होगा। देश के तीन राज्यों के अलग-अलग क्षेत्रो में भूकंप के झटके महसूस किये गए है, जिनमे दो राज्य जम्मू कश्मीर तथा हिमाचल पर्यटकों से भरे पड़े रहते है। हालाँकि ये पर्यटकों के आने का मौसम नहीं है, लेकिन इसके बाद भी दोनों हील स्टेशन पर सैलानियों की आवाजाही लगी रहती है। फ़िलहाल किसी भी राज्य में भूकंप से बड़ा नुकसान होने की जानकारी सामने नहीं आई है।

जेनेवा में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे स्पीकर बिरला

एजेंसी । नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला अगले हफ्ते जिनेवा के दौरे पर होंगे। वे यहां होने वाली 149वीं अंतर-संसदीय संघ महासभा (IPUA) में भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। ओम बिरला के अलावा, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश और संसद के दोनों सदनों के अन्य सदस्य भी कार्यक्रम में हिस्स लेंगे। इसके अलावा जिनेवा में सोमवार को बिरला भारतीय प्रवासियों को भी संबोधित करेंगे। लोक सभा स्पीकर बिरला महासभा को एक अधिक शांतिपूर्ण और टिकाऊ भविष्य के लिए विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार का उपयोग विषय पर संबोधित करेंगे। वे संगठन की सर्वोच्च निर्णायक इकाई, आईपीयू की गवर्निंग काउंसिल

की बैठकों में भी हिस्स लेंगे। इस आईपीयू यानी अंतर-संसदीय संघ सभा में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला अधिक शांतिपूर्ण और टिकाऊ भविष्य के लिए विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार का उपयोग विषय पर सभा को संबोधित भी करेंगे। लोकसभा अध्यक्ष आईपीयू की गवर्निंग काउंसिल की बैठकों में भी भाग लेने जा रहे हैं, जो कि संगठन की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था है। आधिकारिक बयान में कहा गया है कि भारतीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य सम्मेलन के दौरान इसकी कार्यकारी समिति, चार स्थायी समितियों और कार्य सत्रों की बैठकों में भाग लेंगे।

मारपीट में ऐक्शन न होने से नाराज BJP विधायक योगेश वर्मा ने लौटाए गनर

फोन भी बंद, मनाने में जुटे अधिकारी

एजेंसी । लखीमपुर खीरी

नौ अक्टूबर को लखीमपुर में हुई मारपीट में ऐक्शन न होने से नाराज भाजपा विधायक योगेश वर्मा ने सुरक्षा में बढ़ाए गए दो गनरों को वापस लौटा दिया। पुलिस अफसरों को इसकी जानकारी मिली तो हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने गनर को फिर वापस विधायक के पास भेज दिया है। अधिकारी विधायक को मनाने की कोशिश कर रहे हैं। उधर विधायक का फोन बंद है। वह अधिकारियों से नहीं मिल रहे हैं। बीते बुधवार को अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक के डेलीगेट चुनाव में भाजपा विधायक योगेश वर्मा के साथ मारपीट और अभद्रता हुई थी। यह मामला राष्ट्रीय स्तर पर

सुर्खियां बना है। इस घटना के बाद एसपी गणेश प्रसाद साहा ने विधायक की सुरक्षा में दो गनर और बढ़ा दिए थे। विधायक के पास एक गनर रहता था पर घटना के बाद उनकी सुरक्षा में तीन गनर लगाए गए थे। रविवार को विधायक ने अचानक सुरक्षा में बढ़ाए गए दोनों गनर को वापस दिया। बताते हैं कि गनरों के पुलिस लाइन पहुंचते ही अधिकारियों में हड़कम्प मच गया। आनन-फानन दोनों गनर को वापस विधायक के पास भेजा गया। उनसे कहा गया है कि वे वहीं रहें। वापस न आएं। पुलिस अधिकारी विधायक को मनाने में लगे हैं। रविवार शाम एएसपी पवन गौतम और सीओ रमेश तिवारी विधायक से मिलने उनके घर पहुंचे, लेकिन उनकी मुलाकात नहीं हो सकी।

मध्यप्रदेश के छतरपुर में ट्रेन के डिब्बे में लगी आग

गीता जयंती एक्सप्रेस हुई हादसे का शिकार

छतरपुर। मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले में रविवार सुबह एक ट्रेन हादसे का शिकार हो गई। बताया जा रहा है, कि यह आग गीता जयंती एक्सप्रेस के एक डिब्बे में लगी थी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी है। फिलहाल इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ और आग पर तुरंत काबू पा लिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह हादसा जिला मुख्यालय से 25 किलोमीटर दूर ईशानगर थाने के पास सुबह करीब साढ़े सात हुआ। हादसे में ट्रेन के एक डिब्बे में अचानक आग लग गई। स्टेशन मास्टर आशीष यादव ने बताया कि इस घटना के कारण ट्रेन करीब एक घंटे देरी से पहुंची है। कुरुक्षेत्र और खजुराहो के बीच चलने वाली गीता जयंती एक्सप्रेस

को ईशानगर स्टेशन पर दो मिनट के लिए रुकना था। जैसे ही गीता जयंती एक्सप्रेस आगे बढ़ी तब रेलवे कर्मचारियों ने ट्रेन के D5 कोच से धुआं निकलते देखा। यह देखकर मौके पर मौजूद रेलवे कर्मचारियों ने तुरंत अग्निशामक यंत्रों का उपयोग कर आग पर काबू पा लिया। बताया जा रहा है, कि डिब्बे के निचले हिस्से में लगे रबर के गर्म होने के कारण यह आग लगी है। आग से ट्रेन के डिब्बे को किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं हुआ।

एमपी के नेताओं के बिगड़ैल बेटे, कांग्रेसी पर एफआईआर

एजेंसी । भोपाल

मध्यप्रदेश में रसूख का ऐसा बेशर्म प्रदर्शन इससे पहले कभी नहीं देखा गया। प्रदेश के नेताओं के बिगड़ैल बेटे खुलेआम गुंडों जैसी हरकतें कर रहे हैं। नेता पुत्र इतने दुस्साहसी हो गए हैं कि पुलिस को भी नहीं छोड़ रहे। प्रदेश में एक के बाद एक ऐसी तीन घटनाएं सामने आई जिनमें नेता पुत्र अपने पिता की राजनैतिक ताकत के बलबूते हिमाकत करते नजर आए। दोनों ही दलों के नेता पुत्र पुलिस को सरेआम धौंस दे रहे हैं। कांग्रेस और बीजेपी इन घटनाओं की निंदा भी कर रही है लेकिन अपने गिरेबान में कोई नहीं झांक रहा। बीजेपी जहां कांग्रेस नेता लक्ष्मण सिंह के बेटे और दिग्विजय सिंह के भतीजे आदित्य सिंह की करतूत उजागर कर रही है वहीं कांग्रेस, प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल के बेटे प्रबल पटेल और कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत के पोते व पूर्व विधायक जितेंद्र गहलोत के बेटे विशाल गहलोत का वीडियो जारी कर सवाल उठा रही है।

मंत्री पुत्र और राज्यपाल के पोते को छोड़ा

केस 1 : नागदा में कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत का पोता और पूर्व विधायक जितेंद्र गहलोत का बेटा विशाल गहलोत पुलिस की एक महिला एएसआई से भिड़ गया। शनिवार को प्रतिमा विसर्जन के दौरान यह घटना घटी। विशाल ने वीडियो बना रहे पुलिसकर्मियों को भी चेताया और मोबाइल छीनने की भी कोशिश की।

जानें क्या हुआ?

खास बात यह है कि पुलिस से भिड़नेवाले तीन नेता पुत्रों के लगभग एक समान मामलों में अलग अलग कार्रवाइयां की गई हैं। कांग्रेस नेता दिग्विजयसिंह के भतीजे आदित्य सिंह पर तो एफआईआर दर्ज की गई लेकिन मंत्री पुत्र प्रबल पटेल और राज्यपाल के पोते विशाल गहलोत को पुलिस ने छोड़ दिया।

केस 2 : कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह के भतीजे और उनके भाई पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह के बेटे आदित्य विक्रम सिंह ने पुलिसकर्मियों को धौंस दिखाई। 11 अक्टूबर को हुई घटना के वीडियो में आदित्य सिंह, पुलिसकर्मियों पर सिगरेट का कश छोड़ते हुए भी नजर आ रहे हैं।

केस 3 : पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल के बेटे प्रबल पटेल ने जबलपुर में पुलिस को धमकाया। पुलिस से बदसलूकी करने और वर्दी उतरवाने की धमकी देते मंत्री पुत्र प्रबल का भी वीडियो सामने आया है।

कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह के भतीजे और पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह के बेटे आदित्य विक्रम सिंह पर गुना में पुलिसकर्मियों से अभद्रता करने पर एफआईआर दर्ज की गई है।

'कुख्यात' की गिरफ्तारी करने पहुंची पुलिस ने निर्दोष की कर दी हत्या, मामले को किया रफा-दफा

पटना। हत्या के बाद निर्दोष को जेल भेजने के तो कई मामले सामने आते रहे हैं। लेकिन, कुख्यात की गिरफ्तारी में असफल बिहार पुलिस ने एक निर्दोश की हत्या कर दी। हत्या को बिहार पुलिस ने रफा दफा करने के लिए उसे एनकाउंटर करार दे दिया। लेकिन, 26 वर्ष बाद जब इस फर्जी एनकाउंटर का राज खुला तो कोर्ट ने आरोपी डीएसपी को तीन लाख नगद जुर्माना के साथ साथ उम्रकैद की भी सजा सुनायी है। कोर्ट ने इस मामले में एक अन्य थाना प्रभारी को पांच साल की सजा सुनायी है। जबकि तीन लोगों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। यह पूरा मामला बिहार के पूर्णिया जिले से जुड़ा है। करीब 26 साल पहले बड़हरा पुलिस को सूचना मिली की कुख्यात अपराधी टोलवा सिंह मधेपुरा जिला के बिहारी गंज थाना के चितवली गांव में छिपा है। उक्त सूचना पर बड़हरा पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए पहुंची। स्थानीय थाना की मदद से पूरे गांव की घेराबंदी कर लिया।

विरोध करने पर मारी गोली

इसके बाद टोलवा सिंह की तलाशी शुरु हुई। इधर, टोलवा सिंह को पुलिस की कार्रवाई की सूचना मिल गई थी। इसके कारण वह फरार हो गया था। सर्च अभियान में टोलवा सिंह के नहीं मिलने पर बड़हरा पुलिस ग्रामीणों पर भड़क गई और उनके साथ गाली गलौज करने लगी। इसका एक स्थानीय युवक संतोष सिंह ने जब विरोध किया तो तत्कालीन बड़हरा थाना प्रभारी मुखलाल पासवान ने उसे गोली मार दी। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।